• जयपुर, गुरुवार, 23 मई 24 • वर्ष 13 • अंक 266 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार
''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 जयपुर विकास प्राधिकरण ने करी अवैध नवीन कॉलोनियों एवं अतिक्रमण ...
पेज @5 अब ह्यूमनॉइड रोबोटिक्स से और सटीक होगी ...
पेज @8 समर कंटीन्जेंसी के तहत स्वीकृत कार्यों को 31 मई तक पूरा करेंः डॉ समीत ...

## सिंगापुर के बाद अब भारत में पहुंचा कोरोना का नया वैरिएंट, 300 से ज्यादा मामले आए सामने



**नई दिल्ली/एजेंसी।**

भारत में कोविड-19 के सब वैरिएंट केपी.2 से 290 और केपी.1 से 34 लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। ये दोनों सब वैरिएंट सिंगापुर में संक्रमण के मामले बढ़ने के लिए जिम्मेदार हैं। ये दोनों जेएन1 वैरिएंट के सब वैरिएंट हैं और इनका संबंध अस्पताल में भर्ती होने के मामलों और गंभीर रूप से बीमार होने से नहीं है। स्वास्थ्य मंत्रालय से जुड़े सूत्र ने आगे कहा कि अभी तक किसी मरीज में गंभीर लक्षण नहीं देखे गए हैं। अस्पतालों से इस नए वैरिएंट से संक्रमित लोगों के सैंपल लिए गए हैं, जिनकी जांच की जा रही है।
गौरतलब है कि भारत में कोरोना के मामलों पर निगरानी रखने वाले इंडियन सार्स कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम के डाटा से इस बात का खुलासा हुआ है। डाटा के अनुसार, भारत में इस नए वैरिएंट केपी.1 के कुल 34 मामले अभी तक मिले हैं, जिनमें 23 मामलों की पुष्टि सिर्फ पश्चिम बंगाल में ही की गई है। वहीं केपी.1 का एक मामला गोवा, दो मामले गुजरात, चार मामले महाराष्ट्र, दो मामले राजस्थान और एक मामले की पहचान उत्तराखंड में की गई है।
वहीं डाटा के अनुसार, केपी.2 वैरिएंट के कुल 290 मामलों की पुष्टि भारत में की गई है। केपी.2 के 148 मामलों के महाराष्ट्र सबसे ऊपर है। वहीं दिल्ली में एक, गोवा में 12, गुजरात में 23, हरियाणा में 3, कर्नाटक में 4, मध्य प्रदेश में एक, ओडिशा में 17, राजस्थान में 21, उत्तर प्रदेश में 8, उत्तराखंड में 16 और पश्चिम बंगाल में 36 मामलों की पुष्टि की गई है।
बता दें कि सिंगापुर में केपी.1 और केपी.2 वैरिएंट तेजी के साथ अपने पैर पसार रहा है। सिर्फ 5 से 11 मई तक ही सिंगापुर में करीब 26 हजार मामले दर्ज किए जा चुके हैं। खास बात है कि इन सभी में दो तिहाई मामले तो सिर्फ केपी.1 वैरिएंट से ही जुड़े हैं। केपी.1 और केपी.2 वैरिएंट जिस ग्रुप से जुड़े हैं, उसे स्न्नरुद्वक्रञ्ज नाम भी दिया गया है।

## न्यूज़ अपडेट

### सीएम केजरीवाल का बड़ा दावा, दो और मुख्यमंत्री जाएंगे जेल

**नई दिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'एक राष्ट्र, एक नेता' की विशेष परियोजना पर काम कर रहे हैं और दावा किया कि आप के साथ जो हो रहा है वह एक प्रयोग है जिसे अन्य विपक्षी दलों के साथ भी दोहराया जाएगा।
सीएम केजरीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि देश में जो हो रहा है वह खतरनाक है। उन्होंने मुझे गिरफ्तार कर लिया। प्रधानमंत्री एक विशेष परियोजना 'एक राष्ट्र एक नेता' पर काम कर रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि उनके खिलाफ बोलने वाले विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया जाएगा। उन्होंने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन और मनीष सिसौदिया और खुद का नाम लिया जिन्हें सलाखों के पीछे डाल दिया गया।

### अरविंद केजरीवाल के लिए धमकी भरा मैसेज लिखने वाला शख्स गिरफ्तार

**नई दिल्ली/एजेंसी।** मेट्रो स्टेशन पर दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के लिए धमकी भरा मैसेज लिखने वाले आरोपी को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 33 वर्षीय आरोपी अंकित गोयल ने मेट्रो स्टेशन पर सीएम केजरीवाल को जान से मारने की धमकी लिखी थी। दिल्ली पुलिस की मेट्रो यूनिट ने एफआईआर दर्ज की थी और मामले की जांच कर रही थी।
आरोपी से पूछताछ की जा रही है। बता दें कि 19 मई को पटेल नगर और राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर सीएम केजरीवाल के लिए धमकी भरा मैसेज लिखा गया था। पुलिस ने मैसेज लिखते हुए आरोपी का सीसीटीवी फुटेज भी बरामद कर लिया है। ऐसा माना जा रहा है कि आरोपी ने फेमस होने के लिए ऐसी हरकत कर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कीं। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी अंकित गोयल बरेली का रहने वाला है और वह किसी भी राजनीतिक दल से जुड़ा नहीं है।

### घाटकोपर होर्डिंग दुर्घटना मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित

**मुंबई/एजेंसी।** देश की वाणिज्यिक राजधानी को झकझोर देने वाली घाटकोपर होर्डिंग दुर्घटना मामले की जांच के लिए मुंबई क्राइम ब्रांच ने विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एसआईटी में कुल छह अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। डीसीपी डिटेक्शन क्राइम ब्रांच विशाल ठाकुर की देखरेख में यूनिट 7 के प्रभारी इंस्पेक्टर महेश तावड़े टीम का नेतृत्व करेंगे।

## स्टार्टअप्स के लिए सही माहौल मुहैया कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : पीएम मोदी

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि सरकार स्टार्टअप्स को फलने-फूलने के लिए अनुकूल माहौल मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक के बाद एक कई पोस्ट कर पीएम मोदी ने कहा कि सरकार को देश के हर हिस्से, खासकर टियर -2 और 3 शहरों में युवाओं में भरी ऊर्जा पर गर्व है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी सरकार सक्रिय रूप से स्टार्टअप और धन सृजन को प्रोत्साहित करती है।
सोमवार को इनोवेटर्स और टेक्नोक्रेट्स ने कहा कि अटल इनोवेशन मिशन, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों के चलते



भारतीय अर्थव्यवस्था में बदलाव आया है। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में 'विशेष संपर्क अभियान' कार्यक्रम में भाग लिया और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और राजीव चंद्रशेखर के साथ बातचीत की।
पीएम मोदी ने जोमैटो के सीईओ दीपिंदर गोयल की सराहना करते हुए एक्स पर एक पोस्ट किया, आज के भारत में कि सी का उपनाम कोई मायने नहीं रखता। जो मायने रखता है वह है कड़ी मेहनत। आपकी यात्रा वास्तव में प्रेरणादायक है। यह अनगिनत युवाओं को अपने उद्यमशीलता के सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है।
पीएम मोदी ने अर्बन कंपनी के संस्थापक अभिराज भाल को भी प्रोत्साहित करते हुए कहा कि 'स्टार्टअप इंडिया' पहल ने स्पष्ट रूप से नवाचार और विकास के लिए अनुकूल माहौल को बढ़ावा दिया है। डिक्सन टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन सुनील वच्छानी से पीएम मोदी ने कहा कि भारत के मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में बदलाव वास्तव में उल्लेखनीय है।
प्रधानमंत्री ने कहा, यह भारत की क्षमता और उसे साकार करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में उठाए गए सक्रिय कदमों का प्रमाण है। देश में यूनिकॉर्न की संख्या 2015 के चार से बढ×कर 2024 में 130 हो गई। आज देश में 1.25 लाख से अधिक स्टार्टअप हैं। पीएम मोदी ने मैप माई इंडिया के सीईओ रोहन वर्मा के काम की भी सराहना की और कहा कि सरकार महत्वपूर्ण अंतरिक्ष और भू-स्थानिक क्षेत्रों को बदलने के लिए हरसंभव प्रयास जारी रखेगी।

### उजानी बांध में नाव पलटी, सात लोग लापता

**पुणे/एजेंसी।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में उजानी डैम में नाव पलटने से 6 लोग लापता हो गए हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की संयुक्त टीमें लापता लोगों की तलाश में जुटी हैं। हालांकि, नाव में कुल कितने लोग थे, इस बारे में अभी तक कोई अधिकृत जानकारी सामने नहीं आई है। नाव पलटने के कारण का अभी तक पता नहीं चल सका है। बताया गया है कि अचानक आए तूफान और तेज हवा के कारण ये नाव नदी में पलट गई।
पुलिस ने अपने बयान में कहा, नाव पुणे से 140 किलोमीटर दूर इंदापुर तहसील के कलशी गांव में उजानी डैम में पलटी है। गोताखोरों की मदद से लोगों को खोजने की कोशिश जारी है। रात के समय रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत आ रही थी। बुधवार सुबह फिर से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। रात को अंधेरे के कारण सर्च ऑपरेशन रोक दिया गया था।

## सातवें चरण में 57 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे 904 उम्मीदवार

**नई दिल्ली /एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें चरण में 8 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से 904 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। सातवें चरण के लिए 1 जून को मतदान होना है। गौरतलब है कि 1 जून को होने वाले मतदान का यह सातवां चरण इस लोकसभा चुनाव की वोटिंग का अंतिम चरण है। इसके बाद 4 जून को वोटों की गिनती प्रारंभ होगी। सातवें चरण की जानकारी देते हुए चुनाव आयोग ने बुधवार को बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें चरण में 57 संसदीय क्षेत्रों के लिए कुल 2105 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। सभी 8 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिए चरण 7 के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 14 मई, 2024 थी। दाखिल किए गए सभी नामांकनों की जांच के बाद 954 नामांकन वैध पाए गए। नाम वापसी के बाद अंतिम रूप से चुनावी मैदान में 904 उम्मीदवार शेष बचे हैं।
चुनाव आयोग ने बताया कि चरण 7 में पंजाब में 13 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों से अधिकतम 598 नामांकन फॉर्म थे। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 13 संसदीय क्षेत्रों से 495 नामांकन थे। बिहार के जहानाबाद संसदीय क्षेत्र से सर्वाधिक 73 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। इसके बाद दूसरे नंबर पर पंजाब के लुधियाना संसदीय क्षेत्र से 70 नामांकन पत्र प्राप्त हुए।
चुनाव आयोग के मुताबिक 7वें चरण के लिए एक संसदीय क्षेत्र में चुनाव लडने़ वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 16 है। सातवें एवं आखिरी चरण में बिहार की 8 सीटों पर लोकसभा चुनाव होना है। चंडीगढ़ की 1 सीट पर, हिमाचल प्रदेश की चारों संसदीय सीटों पर लोकसभा का चुनाव होना है।

## हम गृह मंत्रालय को उड़ा देंगे! अब नॉर्थ ब्लॉक में बम की धमकी से फैल गई सनसनी

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

देश की राजधानी दिल्ली में एक बार फिर बम वाले ईमेल ने सनसनी मचा दी है। इस बार नॉर्थ ब्लॉक में स्थित गृह मंत्रालय के दफ्तर को बम से उड़ा देने की धमकी दी गई। धमकी के बाद मंत्रालय में तलाशी अभियान चलाया गया है। हालांकि, कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। बताया जा रहा है कि मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी को मेल से यह धमकी दी गई थी।
अधिकारी ने तुरंत धमकी वाले ईमेल की सूचना दिल्ली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही आनन-फानन में पुलिस की कई टीमें पहुंच गईं। दमकल विभाग की गाडियां और बम निरोधक दस्ते को भी लगाया गया। पिछले कुछ समय में दिल्ली के कई स्कूलों और अस्पतालों में इसी तरह बम होने की सूचना ईमेल से दी गई, लेकिन हर बार दावा फर्जी निकला है। गृह मंत्रालय का दफ्तर नॉर्थ ब्लॉक में है। नॉर्थ ब्लॉक में केंद्र सरकार के कई अहम कार्यालय और मंत्रालय हैं। यह



राष्ट्रपति भवन और संसद भवन के नजदीक है। इतने संवेदनशील इलाके में बम की धमकी को पुलिस ने पूरी गंभीरता से लिया और तुरंत तलाशी अभियान शुरू किया गया। खबर लिखे जाने तक तलाशी में कुछ भी संदिग्ध मिला नहीं था। एहतियात के तौर पर दफ्तरों को खाली करा लिया गया था। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने मेल को फर्जी करार दिया। पुलिस यह पता लगाने में जुट गई है कि धमकी वाला यह मेल किसने और किस मकसद से भेजा था। यह भी पता लगाया जा रहा है कि क्या पिछले दिनों स्कूलों और अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी देने वालों का ही हाथ इस ईमेल के पीछे भी है।

## चुनाव को देखते हुए हरियाणा ने रोका दिल्ली का पानी : आतिशी

**दिल्ली/एजेंसी।**

आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने दिल्ली को मिलने वाला यमुना नदी का पानी रोक दिया है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने इसे चुनावी साजिश बताते हुए कहा कि दिल्ली सरकार इस विषय पर हरियाणा सरकार को पत्र लिखेगी। जरूरत पडऩे पर इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी जाएगी।आतिशी के मुताबिक पिछले कुछ दिनों से जगह-जगह से पानी की शिकायत आनी शुरू हुई, खास तौर पर ऐसे इलाकों से जहां पहले कभी पानी की शिकायत नहीं आती थी। जांच करने पर पता लगा कि यमुना का पानी हरियाणा सरकार द्वारा रोका जा रहा है।
आतिशी ने बताया कि वजीराबाद में यमुना का स्तर सामान्य तौर पर 674 फीट होता है। अपने न्यूनतम स्तर पर यह 672 फीट तक चला जाता है। 11 मई से 21 मई तक




लगातार हरियाणा ने धीरे-धीरे दिल्ली का पानी रोका। 11 मई को यमुना में पानी का स्तर 671.6 फीट पर था। तीन दिन तक 671.6 फीट पर बना रहा। 14 और 15 मई को यह 671.9 फीट पर रहा। 16 मई को घटकर 671.3 फीट पर आया। 17, 18, 19 मई को यह और नीचे आ गया। यहां पानी का जलस्तर 671 फीट पर आ गया। 21 मई को 671 फीट के भी नीचे आ गया। फिर यह 670.9 फीट पर रह गया। आतिशी का कहना है कि यह शायद पहली बार है जब दिल्ली के वजीराबाद में यमुना जल स्तर इतना कम हुआ है।

### काराकाट से निर्दलीय प्रत्याशी और अभिनेता पवन सिंह को बीजेपी पार्टी से किया निष्कासित

**पटना/एजेंसी।** बिहार के काराकाट संसदीय क्षेत्र से बतौर निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरे भोजपुरी अभिनेता और गायक पवन सिंह को भाजपा ने बुधवार को पार्टी से निष्कासित कर दिया। बिहार भाजपा मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा द्वारा निष्कासन का पत्र जारी कर दिया गया है। पवन सिंह के नाम से जारी पत्र में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव में आप



एनडीए के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे हैं। आपका यह कार्य दल विरोधी है जिससे पार्टी की छवि धूमिल हुई है तथा पार्टी अनुशासन के विरुद्ध आपने यह कार्य किया है। पत्र में कहा गया है कि दल विरोधी इस कार्य के लिए प्रदेश अध्यक्ष के आदेशानुसार उन्हें पार्टी से निष्कासित किया जाता है। कई दिनों से यह कयास लगाया जा रहा था कि पार्टी उन्हें निष्कासित कर सकती है।

## सपा की रैलियों में रोज दिख रही भगदड़, मारपीट और अराजकता : सीएम योगी

**जौनपुर/एजेंसी।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि समाजवादी पार्टी में अभी रोज भगदड़, मारपीट, अराजकता व नूराकुश्ती दिख रही है। जब यह सत्ता में रहे होंगे तो कैसे उत्तर प्रदेश की जनता का खून चूसकर शोषण किया होगा, यह किसी से छिपा नहीं है। मुख्यमंत्री बुधवार को जौनपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव के पांच चरण संपन्न हो चुके हैं। पूरे देश में एक ही स्वर है- फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार-400 पार। यह सुनते ही समाजवादी पार्टी की स्थिति बहुत बुरी हो जाती है। यह क्षेत्रीय पार्टी 60-62 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है। मध्य प्रदेश के खजुराहो में इनके प्रत्याशी ने नामांकन ही गलत भर दिया। कोई लडऩे के लिए नहीं मिला। जब सपा व कांग्रेस के लोग सत्ता से कोसों दूर हैं, तब भी अपने नेता का सम्मान नहीं कर पा रहे हैं। समाजवादी पार्टी में अभी रोज भगदड़, मारपीट, अराजकता व नूराकुश्ती दिख रही है।
सीएम योगी ने कहा कि एक तरफ राम भक्त हैं, जो राम के लिए सर्वस्व न्योछावर करते हुए भारत को ताकतवर बनाना चाहते हैं, दूसरी तरफ रामद्रोही जो राम के साथ भारत का भी विरोध कर रहे हैं। ये कहते हैं कि पाकिस्तान को धमकी मत दीजिए, उसके पास एटम बम है। दाने-दाने के लिए मोहताज पाकिस्तान की धमकी भारत जैसे उस बड़े देश को देते हैं, जो सबसे बड़ी उभरती अर्थव्यवस्था है। सपा-कांग्रेस नेताओं को ऐसा कहते तनिक भी संकोच नहीं होता। रामद्रोही जातिवादी-परिवारवादी राजनीति करते हैं।
यह आपको जाति के नाम पर भी लड़ाएंगे।



# वैशाख पूर्णिमा : अग्नि अविष्कारक महर्षि भृगु का अवतरण दिवस

जिनमें नारायण ने अपना स्वरूप देखा उन महर्षि भृगु का अवतरण दिवस वैशाख पूर्णिमा है। वे ब्रह्मा से उत्पन्न आठ प्रचेताओं में प्रथम हैं। ऋग्वेद में उनसे संबंधित अनेक ऋचायें हैं। वे अग्नि और आग्नेय अस्त्रों के अविष्कारक भी हैं। इसीलिए अग्नि का एक नाम 'भृगि' भी है। भृगि अर्थात भृगु से उत्पन्न। ऋग्वेद के अनुसार महर्षि भृगु ने मातरिश्वन से अग्नि ली और पृथ्वी पर लाए। इसी कारण यज्ञ के माध्यम से अग्नि की आराधना करने का श्रेय भृगु कुल के ऋषियों को ही दिया जाता है। उन्हीं के माध्यम से संसार भर को अग्नि का परिचय मिला। कुछ स्थानों पर महर्षि अंगिरा को भी महर्षि भृगु का ही पुत्र बताया गया है। इसके पीछे तर्क यह है कि ऋग्वेद में भृगु अंगिरस नाम आया है। इसके दो ही अर्थ हो सकते हैं। एक तो भृगु को अंगिरस की उपाधि हो सकती है जो अग्नि के अविष्कारक होने के नाते कहे गए। दूसरा अंगिरा को भृगु परंपरा का अंग मानना हो सकता है। यद्यपि पुराणों मे महर्षि अंगिरा को भृगु के समान ही प्रचेता ही लिखा गया है, सप्त ऋषियों में एक माना है जो महर्षि अंगिरा महर्षि भृगु के समतुल्य दर्शाता है। पर यदि महर्षि अंगिरा महर्षि भृगु के पुत्र के नहीं तो महर्षि अंगिरा का महर्षि भृगु से कोई गहरा संबंध अवशय है। देवगुरु बृहस्पति इन्हीं अंगिरा के पुत्र हैं।

बहुत संभव है कि महर्षि भृगु की परंपरा में कोई ऋषि उत्पन्न हुए जिनका नाम भी अंगिरा हो और नाम की एकरूपता में कोई भ्रम न इसलिए इन ऋषि का नाम भृगु अंगिरस लिखा हो। यह अंतर ऋग्वेद की भृगु वारिणी ऋचाओं में है, जिससे लगता है कि महर्षि भृगु का संबंध वरुण से भी है। पुराणों में एक कथा और है। जब यह निर्णय होना था कि ब्रह्मा विष्णु और शिव में से सबसे सात्विक कौन है जिसे कभी क्रोध या रोष नहीं आता। तब इन त्रिदेवों के परीक्षक के रूप यह दायित्व महर्षि भृगु को ही मिला। परीक्षा के लिये ही महर्षि भृगु ने नारायण के वक्ष पर पद प्रहार किया और वे पद चिन्ह नारायण अपने हृदय पर धारण करते हैं। इसी आधार पर य। निधारित हुआ कि कौन किस गुण का प्रतीक है। महर्षि भृगु की सलाह पर ही नारायण संसार को संदेश देने के लिये समय समय पर मनुज अवतार लेते हैं। संसार में परमपिता ब्रह्मा का पूजन न हो, यह निर्णय भी महर्षि भृगु ने ही लिया था। श्रीमद्भगवद्गीता के दसवें अध्याय में भगवान ने कहा 'मैं ऋषियों में भृगु हूं'। महर्षि भृगु को संसार का पहला प्रचेता लिखा गया है। विष्णु पुराण के अनुसार नारायण को ब्याहीं श्रीलक्ष्मी महर्षि भृगु की ही बेटी थीं। समुद्र मंथन से जो लक्ष्मी प्रगट हुईं वे तो उनकी आभा मात्र थीं।

भृगु वंश में ही महर्षि मार्कण्डेय, शुक्राचार्य, ऋचीक, विधाता, दधीचि, त्रिशिरा, जमदग्नि, च्यवन और नारायण का ओजस्वी अवतार परशुरामजी का जन्म हुआ। सूर्य पुत्र मनु उनके शिष्य हैं। महर्षि भृगु ने ही महाराज मनु को मानव आचार संहिता रचने को प्रेरित किया। इसीलिए मनु स्मृति के अंत में महर्षि भृगु के प्रति आभार प्रकट किया गया है उससे यह पुष्ट होता है कि संसार की यह पहली मानव आचार संहिता महर्षि भृगु के निर्देशन में ही रची गई। महर्षि भृगु को अंतरिक्ष, चिकित्सा और नीति शास्त्र का भी जनक माना जाता है। अंतरिक्ष के ग्रहों और तारागणों की गणना का पहला शास्त्र भृगु संहिता है। इस संबंधी ताम्रपत्र पर एक प्रमाण नेपाल में सुरक्षित है। इसके अतिरिक्त भृगु स्मृति, भृगु सूत्र, भृगु गीता, भृगु उपनिषद आदि ग्रंथों का उल्लेख मिलता है पर ये उपलब्ध नहीं हैं। भृगु संहिता को ज्योतिष का पहला शास्त्र माना जाता है। जो यह संकेत करता है कि भारत में अंतरिक्ष और ग्रहों की गति का ज्ञान लाखों वर्ष पहले से रहा है। महर्षि भृगु चिकित्सा शास्त्र के अद्भुत ज्ञाता थे। मृत संजीवनी औषधि खोजने वाले शुक्राचार्य उन्ही के पुत्र हैं। महर्षि भृगु के तीन विवाहों का वर्णन मिलता है। उनका पहला विवाह देवी ख्याति से हुआ। इनसे दो पुत्र धाता, विधाता और पुत्री श्रीलक्ष्मी हैं।

महर्षि भृगुआ का दूसरा विवाह महर्षि कशय्प की पौत्री और दैत्यों के अधिपति हिरण्यकशय्प की पुत्री दिव्या से हुआ। संजीवनी विद्या के ज्ञाता और दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य इन्हीं के पुत्र हैं। इन्हीं शुक्राचार्य के पुत्र विश्वकर्मा हैं, जिन्होंने दिव्य स्वर्ग की रचना की। महर्षि भृगु का तीसरा विवाह पुलोम ऋषि की पुत्री पौलमी से हुआ। कहीं कहीं पुलोम ऋषि को दानवों का स्वामी भी लिखा है। इनसे महर्षि च्यवन का जन्म हुआ और इसी परंपरा में आगे चलकर भगवान परशुराम का अवतार हुआ। च्यवन ऋषि आगे चलकर खम्भात की खाड़ी के स्वामी बने। तब से इस क्षेत्र को भृगुकच्छ–भृगु क्षेत्र के नाम से जाना जाने लगा। भड़ौच में नर्मदा के तट पर भृगु मंदिर बना है। यह माना जाता है कि नर्मदा क्षेत्र महर्षि भृगु परंपरा के ऋषियों की तपोस्थली रही है। इसलिये नर्मदा के पूरे क्षेत्र में आज भी भृगु आश्रमों के अवशेष मिलते हैं।

भगवान शिव ने जब ज्ञान सभा के लिये नैमिषारण्य को सुनिश्चित किया तब इसके अधिपति होने का दायित्व महर्षि भृगु को ही सौंपा। संसार हर कोने में महर्षि भृगु के अपभ्रंश नाम पाये जाते हैं। जो यह प्रमाणित करता है कि महर्षि भृगु ज्ञान के पहले प्रकाश पुंज थे और संसार भर में ज्ञान का प्रकाश भारत की धरती से ही प्रतिबंधित हुआ। इसकी पुष्टि उन्नीसवी शताब्दी के शोध कर्ता मैक्समूलर का वह कथन भी है भारत से ज्ञान पहले ईरान में गया और ईरान से पूरे संसार में। मैक्समूलर का यह कथन उनकी पुस्तक 'हम भारत से क्या सीखें' में है। ऐसे महान अविष्कारक महर्षि भृगु के चरणों में कोटिशः नमन।

# अत्ता हि अत्तनो नाथो!



गिरीश्वर मिश्र

विचारक और अनुभवसिद्ध गौतम बुद्ध मानवता के इतिहास में कई दृष्टियों से आज भी महत्वपूर्ण बने हुए हैं। धर्म की स्थापना, ध्यान और मन के प्रशिक्षण तथा संघ की स्थापना जैसे कार्यों द्वारा वे एक महामानव के रूप में ढाई हजार वर्षों से वे मार्गदर्शन कर रहे हैं। उनके विचार प्रखर थे और सोचने का नजरिया साहसपूर्ण, जो उनके लगभग पांच दशकों के सक्रिय और कठोर भिक्षु–जीवन के दौरान विकसित हुआ था। उनकी सोच इस बात से शुरू होती है कि जीवन में हर कोई असंतुष्ट और बेचैन है। उन्हें जन्म और मृत्यु का बंधन एक बेड़ी जैसा लगा था। इसलिए इस बात में आश्चर्य नहीं होना चाहिए यदि दुःख से मुक्ति या निर्वाण (पूर्ण स्वातंर्त्य) उनके चिंतन और प्रयोग का परम लक्ष्य बन गया।

ईस्वी पूर्व पांचवीं सदी में जब बुद्ध का आगमन हुआ था तब भारत में ब्राह्मणवाद और कर्मकांड का बोलबाला था। पर उसी दौर में आर्थिक बदलाव शुरू हो चुके थे। कृषि की सम्पन्नता से नगर विकसित हो रहे थे और सुदूर व्यापार भी हो रहा था। इस तरह के बा' सम्पर्क से भारत से बाहर की संस्कृतियों की जानकारी मिलनी शुरू हुई। यह भी पता चला कि जातिहीन मानव समाज भी होते हैं और दूसरी भाषाओं का उपयोग करते हैं। सामाजिक गतिशीलता के इस दौर में एक ऐसे धर्म की जरूरत महसूस हुई जो ब्राह्मण पुरोहितों, स्थानीय रीति–रिवाजों और प्राचीन मान्यताओं पर न टिका हो। उसी दौर में ब्राह्मणवाद का खंडन जैन मत भी कर रहा था। दूसरी ओर उपनिषद भी अस्तित्व में आ रहे थे जो ब्रह्मांड के रहस्यों को भेदने, ब्रह्म से सायुज्य और पुनर्जन्म से सदा के लिए मुक्ति के विचार प्रस्तुत कर रहे थे।

शाश्वत, अपरिवर्तनशील जगत का सार–तत्व ब्रह्म के रूप में प्रतिपादित किया गया। कहा गया कि प्रत्येक जीवित प्राणी में स्थायी आत्मन का वास होता है। वह आत्मन ही ब्रह्म है– अहं ब्रह्मास्मि, तत त्वम असि। यह सोच तत्ववाद की पराकाष्ठा थी। बुद्ध को लगा कि जीवन में इस तरह का अनुभव करना व्यक्ति के स्वतंत्र अस्तित्व की संभावना को नकारता है। अकसर है या अस्ति (बीइंग) और जो हो रहा है या भवति (बिकमिंग) को दो छोर समझा जाता है। पहला स्थिर है तो दूसरा परिवर्तनशील। सत्यं, शिवं और सुंदरं को ब्रह्मन का स्वरूप कहा गया। बुद्ध की समझ में हमारा अनुभव–जगत सतत परिवर्तनशील था। हमारी संतुष्टि भी परिवर्तनशील होती है और मृत्यु की भी छाया भी अनवरत बनी रहती है। परिवर्तन में पीड़ा, कुंठा या असंतोष भी बना रहता है।

बुद्ध ने अस्तित्व या जीवन के तीन लक्षण बताएः अस्थायित्व, असंतुष्टि, तथा अनात्त। वस्तुएं अस्थायी होती हैं और बदलती रहती हैं यह बात उपनिषद के विचार के ठीक उल्टी थी। बुद्ध की सोच कुछ इस तरह थी – यदि आत्म है तो इसका अर्थ होगा कि अस्तित्व अपरिवर्तनशील होगा और जीवन की प्रक्रियाओं में हमारी कोई भूमिका न होगी और हम उसका अनुभव भी न कर सकेंगे क्योंकि हमें अनुभव तो क्रिया का अर्थात क्रम और उसके परिणाम का ही होता है। इसलिए वेदांत के विपरीत बुद्ध ने अन आत्मन या अनात्त का विचार रखा। बुद्ध ने सत, चित और आनंद वाली ब्रह्म की अवधारणा के विपरीत अनित्य, अविद्या और दुःख की सच्चाई को पहचाना। उन्होंने वेद, कर्मकांड और जाति–संस्था इन सबका खंडन किया। फिर 'आर्य' यानी सज्जन के संघ की बात की। ब्राह्मणवाद का तीव्र खंडन किया परंतु सांख्य दर्शन से जगत के प्रलय के कल्प–क्रम का विचार, योग से ध्यान के सिद्धांत, और न्याय–वैशेषिक से बहुलता का विचार और तर्क–पद्धति को ग्रहण किया।

दर असल जो बुद्ध के अनात्त के विचार को इस तरह देखते हैं कि बुद्ध व्यक्ति की निरंतरता और उसकी नैतिक ज़िम्मेदारी से मुक्त करते हैं वह भ्रामक और ग़लत अर्थ निकालना है। बुद्ध कहते हैं कि हमारी निरंतरता हमारे कर्मों में बसती है और यह निश्चय ही व्यक्ति की निरंतरता का एक प्रबल विचार है। यह निरंतरता कई जन्मों तक खिंच सकती है जो निर्वाण मिलने पर ही रुकेगी। अस्तित्व (बीइंग) को लेकर भी बुद्ध ने विलक्षण स्थापना की। उपनिषद के मत में अस्ति ही सत्य या यथार्थ है। भवति (बिकमिंग) में अस्तित्व और अनस्तित्व दोनों मिले होते हैं और जो बदलता है वह, जो नहीं बदलता उससे कमतर सत्य नहीं होता है। बुद्ध का विचार था कि अस्ति या बीइंग को एक श्रेणी मानने पर नैतिक और बौद्धिक सोच में मुश्किल खड़ी होती है। इस विचार को आत्मन के अस्तित्व के खंडन से जोड़ा गया। बुद्ध ने वस्तुतः हर तरह की अनिवार्यता (एसेंशियलिज्म) को नकारा।

बुद्ध का जोर कर्म पर था। कर्म का शाब्दिक अर्थ है क्रिया। क्रिया सही या गलत हो सकती है। कर्म करना और भविष्य में (समानान्तर अच्छे बुरे) परिणाम इसे अभी या आगे के जन्म में अनुभव करने होंगे ही यह बात हिंदू, बौद्ध और जैन सभी स्वीकार करते हैं। आख़रि बीज बोएंगे फसल तो होगी ही ! कर्म का नैतिक मूल्य होता है। कर्ता के लिए अच्छे कर्म का अच्छा और बुरे कर्म का बुरा परिणाम होगा ही होगा। स्मरणीय है कि बुद्ध के पहले कर्म की अवधारणा कर्मकांड से जुड़ी हुई थी। जैन विचारकों ने उसके नैतिक पक्ष की ओर ध्यान आकर्षित किया विशेष रूप से हिंसा को ध्यान में रख कर। बौद्ध मत ने नैतिकता के पक्ष को पुष्ट किया। वे कर्म को मंतव्य या कर्म करने की इच्छा (इंटेंशन) तक ले गए। मात्र विचार या मन की दशा से भी कर्म होता है।

वैसे तो सभी प्राणी समान नैतिक दायित्व रखते हैं परंतु जन्म के समय पूर्व जन्म के सभी कर्मों के अधीन होते हैं। पर आगे ठीक़ होने का अवसर मिलता है। अच्छे मंतव्य से मन पवित्र होता है। साथ ही ध्यान से भी शुद्धि होती है। बुद्ध ने यह आर्य सत्य देखा झ दुःख सबको होता है। इच्छा दुःख का कारण है। हम वह सब चाहते हैं जो असंभव है। इच्छा न करना ही दुःख दूर करने का उपाय है। बुद्ध ने इससे उबरने के लिए नैतिक उपाय बताए। उनका आर्य अष्टांगिक मार्ग सम्यक पर ज़ोर देता है : सम्यक आचरण, मानसिक प्रशिक्षण। चूंकि दुःख प्रत्येक व्यक्ति का निजी होता है समाधान भी उसी से जुड़ा होगा। यहां ईश्वर की आवशयकता नहीं है। हम सब अपने–अपने कर्म के लिए ज़म्मिेदार हैं। बुद्ध परम व्यावहारिक हैं। वे खुद को एक 'शल्य चिकित्सक' कहते हैं जो इच्छा के बाण को निकालता है। जैसे समुद्र का एक ही स्वाद होता है कि वह चारों ओर नमकीन होता है वैसे ही बुद्ध के सभी उपदेशों का एक ही अर्थ है झ मुक्ति या निर्वाण।

बुद्ध की दृष्टि में हमारे जीवन में जो कुछ है और जो भी अनुभव होते हैं वे सिर्फ प्रक्रिया होते हैं। वे अनुभव का प्रामाण्य स्वीकार करते हैं और कहते हैं कि यदि भिन्न जानकारी मिले तो अनुभव को ही प्रमाण मानो। कुछ भी कारण से स्वतंत्र नहीं होता है क्योंकि कारण आवशयक पूर्वदशाएं हैं। सभी चीजें कारण से जुड़ी हैं या कहें सब कुछ कारण से पैदा होता है। पर इस विश्व का न आरंभ है न कोई अंतिम कारण है, हां कुछ कड़ियां जरूर होती हैं। विश्व में प्रक्रियाएं होती हैं जो यादृच्छिक (रैंडम) नहीं हैं पर बहुत स्पष्टता से निर्धारित भी नहीं हैं। कर्म नैतिक कारणता या दायित्व से जुड़ा होता है। पर कर्म ही एकमात्र कारण नहीं है। कर्म एक सामान्य दशा या परिप्रेक्षय पैदा करता है पर और भी कारण होते हैं जैसे बीमारी। नए कर्म में चुन सकते हैं पर एक सीमा के ही भीतर। कर्म को केंद्र में लाकर बुद्ध ने आत्म की जगह प्रक्रिया को स्थापित किया जो अनुभवगम्य है। वह परिवेश से जुड़ता है। कर्म के लिए सभी जिम्मेदार लोग प्रयास से निर्वाण पा सकते हैं।

स्मरणीय है कि ब्राह्मणवाद, जैसा–उपनिषदों में विकसित हुआ था तत्व पर बल देता था और अस्तित्व की सत्यता अस्ति (बीइंग) पर निर्भर थी। मुख्य सरोकार व्यक्ति के स्तर पर आत्मा की अमरता और ब्रहमन की शाश्वतता से था जो एक सार्वभौम नियम था। ब्रहमन अनिर्वचनीय था। उसकी व्याख्या के लिए शब्द अपर्याप्त थे। उसके वर्णन के लिए नेति–नेति कहा गया। उसकी व्याख्या सच्चिदानंद के रूप में की गई। वह अद्वितीय, अनादि, विभु, अनंत और सत्य था। इसके विपरीत बौद्ध दृष्टि तथता की थी और 'भवति' या होने की प्रक्रिया (विकमिंग) पर बल देती थी। स्थायी आत्मा का स्वीकार बुद्ध को कथमपि अनुकूल न था। उनको व्यक्तिगत या सार्वभौम किसी भी तरह की शाश्वतता स्वीकृति न थी। उनकी दृष्टि में 'अस्ति' की यदि कोई बात है तो वह सिर्फ क्षणिक है। चीजें अस्तित्व में आती हैं पर क्षण भर में ही कुछ और हो जाती हैं। यहां संसार में कुछ भी स्थिर नहीं। यह जगत जीवन–तरंगों का एक असमाप्य अंतहीन क्रम है। बुद्ध ने सर्व–धर्म–अनात्मता, सर्व–संस्कार–अनित्यता और सर्व दुःखम के तीन सिद्धांत बताए। न तत्व, न क्षण, न सुख कुछ भी तो स्थायी नहीं है! निर्वाण भी जीवन–दशाओं का नकार ही था। शुरू से ही बुद्ध के विचार में नकार की प्रबलता बनी रही। उन्हें सृष्टि, स्रष्टा, ईश्वर, कोई प्रथम कारण या किसी तरह का अद्वैतवादी विचार कुछ भी स्वीकार्य न था– न भौतिकवाद, न सुखवाद, न अतिशय वैराग्य।

मनुष्य और सभी जीवित प्राणी आत्मसंभव हैं। इस विश्व में सभी प्राणी एक कारण से नहीं दो या तीन कारणों से उत्पन्न होते हैं। उत्पन्न होना पहले की स्थिति की एक शृंखला में घटित होते हैं। जीवन चक्र एक वृत्त है जिसके आरंभ का कोई पता नहीं है। काल की सत्ता एक चक्र की भांति है न कि सीधी रेखा के रूप में। काल सापेक्ष होता है। मृत्यु अंत नहीं है। उसके साथ–साथ तत्काल ही एक दूसरा जीवन शुरू होता है। एक जीवित प्राणी काल सापेक्षय हो कर आगे क्रम में चलता रहता है और बदलता रहता है। इस कर्ममय जगत में यदि अपने को प्यार करना है तो अपने को संभाल कर रखना होगा। बुरे कर्म करना आसान है परंतु हितकर कार्यों को करना कठिन है पर सुचरित धर्म का आचरण ही श्रेयस्कर है। वस्तुतः आदमी अपना स्वामी आप है, दूसरा कौन हो सकता है : अत्ता हि अत्तनो नाथो को हि नाथो परसो सिया? अर्थात व्यक्ति स्वयं ही अपना स्वामी है, भला कोई दूसरा उसका स्वामी कैसे हो सकता है?

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

# प्रत्येक प्राणी के प्रति दयाभाव रखते थे महात्मा बुद्ध



योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष वैशाख मास की पूर्णिमा को 'बुद्ध पूर्णिमा' के रूप में मनाया जाता है। बुद्ध पूर्णिमा इस वर्ष 23 मई को है। माना जाता है कि 563 ई.पू. वैशाख पूर्णिमा के ही दिन लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था, जिन्होंने वैशाख पूर्णिमा को ही बोध गया में बोधि वृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया था। यही कारण है कि बौद्ध धर्म में बुद्ध पूर्णिमा को सबसे पवित्र दिन माना गया है। गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ गौतम था। गौतम उनका गोत्र था किन्तु कालांतर में वह सिद्धार्थ गौतम, महात्मा बुद्ध, भगवान बुद्ध, गौतम बुद्ध, तथागत आदि विभिन्न नामों से जाने गए। बचपन से ही राजकुमार सिद्धार्थ घंटों एकांत में बैठकर ध्यान किया करते थे लेकिन फिर भी उन्होंने पुत्र जन्म तक सांसारिक सुखों का उपभोग किया परन्तु धीरे–धीरे उनका मन सांसारिक सुखों से उचाट होता गया। सिद्धार्थ मन की शांति पाने के उद्देशय से एक दिन भ्रमण के लिए अपने सारथी छेदक को साथ लेकर रथ में सवार हो महल से निकल पड़े। रास्ते में उनका मनुष्य के दुःख की चार घटनाओं से साक्षात्कार हुआ। जब उन्होंने दुःख के इन कारणों को जाना तो मोहमाया और ममता का परित्याग कर पूर्ण संन्यासी बन गए। सबसे पहले उन्होंने मार्ग में एक रोगी व्यक्ति को देखा और सारथी से पूछा, "यह प्राणी कौन है और इसकी यह कैसी दशा है?" सारथी ने बताया, "यह भी एक मनुष्य है और इस समय यह बीमार है। इस दुनिया में हर व्यक्ति को अपने जीवन में कभी न कभी रोगी होकर दुःखों का



सामना करना ही पड़ता है।"

आगे बढ़ने पर सिद्धार्थ ने मार्ग से गुजरते एक वृद्ध, निर्बल व कृशकाय व्यक्ति और उसके बाद एक मृत व्यक्ति की अर्थी ले जाते विलाप करते लोगों को देखा तो हर बार सारथी से उसके बारे में पूछा। सारथी ने एक–एक कर उन्हें मनुष्य की इन चारों अवस्थाओं के बारे में बताया कि हर व्यक्ति को कभी न कभी बीमार होकर कष्ट झेलने पड़ते हैं। बुढ़ापे में काफी दुःख झेलने पड़ते हैं, उस अवस्था में मनुष्य दुर्बल व कृशकाय होकर चलने–फिरने में भी कठिनाई महसूस करने लगता है और आखिर में उसकी मृत्यु हो जाती है।

सिद्धार्थ यह रहस्य जानकर बहुत दुःखी हुए। आगे उन्हें एक साधु नजर आया, जो बिल्कुल शांतचित्त था। साधु को देख सिद्धार्थ के मन को अपार शांति मिली और उन्होंने विचार किया कि साधु जीवन से ही मानव जीवन के इन दुखों से मुक्ति संभव है। बस फिर क्या था, देखते ही देखते सिद्धार्थ सांसारिक मोहमाया के जाल से बाहर निकलकर पूर्ण वैरागी बन गए और एक दिन रात्रि के समय पत्नी यशोधरा तथा पुत्र राहुल को गहरी नींद में सोता छोड़ उन्होंने घर–परिवार और राजसी सुखों का परित्याग कर दिया तथा सत्य एवं ज्ञान की खोज में एक–स्थान से दूसरे स्थान पर भटकते रहे। उन्होंने छह वर्षों तक जंगलों में कठिन तप किया और सूखकर कांटा हो गए किन्तु ज्ञान की प्राप्ति न हो सकी। उसके बाद उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य व मानसिक शक्ति प्राप्त की और बोध गया में एक पीपल के वृक्ष के नीचे बैठकर गहन चिंतन में लीन हो गए तथा मन में दृढ़ निश्चय कर लिया कि इस बार ज्ञान प्राप्त किए बिना वे यहां से नहीं उठेंगे।

सात सप्ताह के गहन चिंतन–मनन के बाद वैशाख मास की पूर्णिमा को 528 ई.पू. सूर्योदय से कुछ पहले उनकी बोधदृष्टि जागृत हो गई और उन्हें पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति हो गई। उनके चारों ओर एक अलौकिक आभा मंडल दिखाई देने लगा। उनके पांच शिष्यों ने जब यह अनुपम दृशय देखा तो उन्होंने ही राजकुमार सिद्धार्थ को पहली बार 'तथागत' कहकर संबोधित किया। तथागत यानी सत्य के ज्ञान की पूर्ण प्राप्ति करने वाला।

पीपल के जिस वृक्ष के नीचे बैठकर सिद्धार्थ ने बुद्धत्व प्राप्त किया, वह वृक्ष 'बोधिवृक्ष' कहलाया और वह स्थान, जहां उन्होंने यह ज्ञान प्राप्त किया, बोध गया के नाम से विख्यात हुआ तथा बुद्धत्व प्राप्त करने के बाद ही सिद्धार्थ को 'महात्मा बुद्ध' कहा गया। महात्मा बुद्ध मन की साधना को ही सबसे बड़ी साधना मानते थे। अपने 80 वर्षीय जीवनकाल के अंतिम 45 वर्षों में उन्होंने दुनियाभर में घूम–घूमकर बौद्ध धर्म का प्रचार किया और लोगों को उपदेश दिए।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# गहरी है फ्रांस में इस्लामिक कट्टरता, सुरक्षित ओलंपिक के लिए मिलेगा भारत का साथ



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

खेल एक लोकप्रिय, बहुसांस्कृतिक उत्सव है जिसे दुनिया भर में बहुत से लोग अनुभव करते हैं। नए संदर्भों में देखा जाए तो यह खेल फ्रांस के लिए एक नए रोमांच का प्रतिनिधित्व करते हैं। क्योंकि फ्रांस ओलंपिक और पैरालंपिक खेल के आयोजन के लिए तैयार है। फ्रांस के नागरिकों के नजरिए से देखें तो वह कह रहे हैं कि दुनिया के सबसे बड़े आयोजन की मेजबानी से हमारा देश बदल जाएगा और यह बदलाव फ्रांस के अच्छे भविष्य के लिए अपरिहार्य है। पेरिस 2024 से हम चाहते हैं कि 'खेल मूल्य' लोगों के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनें और यह साबित करें कि हम स्थिरता हासिल करने के साथ–साथ उत्कृष्टता भी हासिल कर सकते हैं। निश्चित ही पेरिस 2024 को लेकर न सिर्फ फ्रांस वासियों को उत्साहित देखा जा रहा है बल्कि पूरे यूरोप में खुशी का माहौल है। यहां जिस तरह की अभी तक तैयारियां की गई हैं, उस हिसाब से कहें तो यह ओलंपिक अब तक का सबसे बड़ा आयोजन होगा। ओलंपिक खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त 2024 तक होंगे, किंतु इतनी बड़ी जिम्मेदारी के साथ वर्तमान में फ्रांस के सामने जो संकट खड़ा है, वह है आतंकी गतिविधियों से निपटने का। क्योंकि संपूर्ण यूरोप में फ्रांस आज इस्लामिक कट्टरवाद से बेहद त्रस्त है। ऐसे में फ्रांस की सरकार को अपने उन मित्रों का साथ चाहिए जो खेल के इस महाकुंभ में उसकी मदद कर पाएं। इसलिए फ्रांस ने आतंक से निपटने के लिए भारत को याद किया है।

विश्व जानता है कि भारत ने आतंकवाद का सामना बड़े स्तर पर किया है और इससे निपटने के लिए सुरक्षा में विशेषज्ञता हासिल कर ली है। अब फ्रांस चाहता है कि आतंकवाद से लड़ने की भारत की विशेष रणनीति "पेरिस ओलंपिक 2024" की सुरक्षा के लिए काम आए। वस्तुतः फ्रांस ने जिस मानव धर्म, समानता और बन्धुत्व के भाव से अपने यहां शरणार्थियों को शरण दी, आज यही शरणार्थी फ्रांस में मजहब (इस्लाम) के नाम पर अपनी मनमानी करने पर उतारु दिखाई देते हैं। बाहर से आए मुस्लिम, स्थानीय मुस्लिमों के साथ मिलकर सामुदायिक भावना गढ़ रहे हैं। हमले और हिंसक घटनाओं की संख्या बढ़ने के बाद फ्रांस की सरकार चेती है, लेकिन उसके लिए कुछ भी करना आसान नहीं है। फ्रांस में पेरिस के आसपास के शहरों, ल्योंस और टूलूज जैसे अन्य बड़े शहरों में दंगे हुए। 2014 के बाद बढ़े हमलों के कारण आपरेशन सेंटिनेल, आपरेशन विजिलेंट गार्डियन और ब्रसेल्स लाकडाउन चलाए गए, फिर भी फ्रांस में इस्लामिक अतिवादियों का आतंक कम नहीं हुआ है। आए दिन वहां किसी को चाकू मारा जा रहा है तो किसी पर गोली बरसाई जा रही हैं। फ्रांस की मूल महिलाएं लगातार यौन हिंसा की शिकार बनाई जा रही हैं। अभी पिछले साल ही फ्रांस में अल्जीरियाई मूल के 17 वर्षीय




किशोर नाहेल एम की पेरिस के पास पुलिस के हाथों मौत के बाद पूरा देश जल उठा था।

कई शहरों में गृहयुद्ध जैसे हालात पैदा हो गए। कई दिनों तक चला ये हिंसक प्रदर्शन फ्रांस से होते हुए संपूर्ण यूरोप तक फैल गया था, जिसके परिणामस्वरूप कई और देशों में इस्लामिक आतंकवाद देखने को मिला। दंगाइयों ने फ्रांस के पेरिस, मार्सिले और ल्योन सहित अन्य शहरों में जमकर उत्पात मचाया। लूटपाट के अनेक वीडियो सामने आए। इस बीच, एक मौलवी शेख अबू तकी अल–दीन अलदारी का वीडियो भी वायरल हुआ, जिसमें वह कह रहा था, "जिहाद के जरिए फ्रांस एक इस्लामिक देश बन जाएगा और पूरी दुनिया इस्लामी शासन के अधीन होगी। फ्रांसीसियो! इस्लाम में कन्वर्ट हो जाओ, नहीं तो जजिया का भुगतान करने के लिए मजबूर किए जाओगे।" मेमरी टीवी द्वारा अनुवादित वीडियो में कहा गया है, "2050 में फ्रांस में मुसलमानों की संख्या फ्रांसीसियों से अधिक हो जाएगी लेकिन हम फ्रांस को इस्लामिक देश बनाने के लिए इन आंकड़ों पर भरोसा नहीं कर रहे हैं। हम जिस पर भरोसा कर रहे हैं, वह यह है कि मुसलमानों के पास एक ऐसा देश होना चाहिए, जो अल्लाह की खातिर जिहाद के माध्यम से इस्लाम को अपना मार्गदर्शन, अपना प्रकाश, अपना संदेश और अपनी दया (पश्चिम के) लोगों तक पहुंचाए।"

किशोर की हत्या पर पांच दिनों की हिंसा में ही 935 इमारतें क्षतिग्रस्त हुई, 5,354 वाहन जलाए गए, आगजनी की 6,880 घटनाएं हुई। 41 पुलिस थानों पर हमला किया गया, 79 पुलिसकर्मी घायल हुए। वस्तुतः फ्रांस में मुस्लिम प्रवासियों की लगातार आमद देखी गई है, जो अब लगभग 60 लाख है और कुल फ्रांसीसी आबादी का लगभग 8–9 प्रतिशत है। अनेक अनुमानों से पता चलता है कि फ़्रांस की मुस्लिम आबादी में वार्षिक 17 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है।

इस देश में इस्लामिक आतंक किस तरह से हावी है, वह इससे भी पता चलता है कि पेरिस के करीब रामबौलेट में हमलावर ने पुलिस थाने में घुसकर एक महिला पुलिस अधिकारी स्टेफनी की गर्दन पर धारदार हथियार से वार किए, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस दौरान हमलावर अल्ला–हो–अकबर का नारा लगा रहा था। यहां हुए पेरिस हमले में 130 लोगों को मौत के घाट उतार दिया जाता है। फ्रांस के नाइस शहर में ट्रक से 86 लोगों को मार दिया गया।

अभिव्यक्ति की आजादी के तहत कक्षा में पैगंबर मुहम्मद का कार्टून दिखाने पर पेरिस में इतिहास के शिक्षक सैमुअल पैटी का सिर अब्दुल्लाह एंजोरोव ने काट दिया। पैगंबर मोहम्मद का कार्टून छापने पर शार्ली एब्दो के पेरिस कार्यालयों पर हुए हमलों में 17 लोग मारे गए। एक दूसरी घटना में पत्रिका के मुख्यालय के बाहर दो लोगों को चाकू मार दिया गया। एक आतंकी ने पेरिस के चैंप्स–एलिसीज पर एक पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी।

पेरिस के ओर्ली हवाईअड्डे पर सैनिकों पर हमला किया गया, फिर अल्लाह के नाम कुर्बान होने की बात कही गई। दक्षिणी फ्रांस के तालोसे शहर में अल–कायदा के आतंकी ने तीन यहूदी बच्चों, एक रबाई और तीन पैराट्रूपर्स की हत्या कर दी। इस प्रकार की अनेक आतंकी घटनाएं फ्रांस में कभी भी होती हुई दिखती हैं।

फिलहाल, फ्रांस सरकार अपने स्तर पर इस्लामिक आतंकवाद को रोकने के लिए जो कर सकती है, वह कर रही है, लेकिन फिर भी यह डर तो बना ही रहता है, कहीं से कोई अप्रत्याशित सूचना न आ जाए। अब जब ओलंपिक पेरिस में हो रहा है तब फ्रांस सरकार की जिम्मेदारी दुनिया के सभी देशों के प्रति अत्यधिक बढ़ गई है, इसलिए आज उसे अपने मित्र भारत की याद आई है।


यह अच्छा ही है कि भारत ने भी मित्र धर्म निभाने के लिए हर संभव मदद करने का फ्रांस को भरोसा दिया है। भारत, आतंकवाद रोधी और आंतरिक सुरक्षा विशेषज्ञों का एक बड़ा दल फ्रांस भेज रहा है, जोकि पेरिस ओलंपिक के दौरान हर चुनौती से निपटने में सक्षम है। ऐसे में यही कहना होगा कि भारत द्वारा फ्रांस को दिया जा रहा यह सुरक्षा सहयोग दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों के साथ आतंकवाद और अन्य सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने की प्रतिबद्धता दुनिया के सामने दर्शा रहा है।

# जयपुर विकास प्राधिकरण ने करी अवैध नवीन कॉलोनियों एवं अतिक्रमण के खिलाफ विभिन्न कार्रवाइयां


## जोन-13 निजी खातेदारी करीब 06 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियों का पूर्णतः ध्वस्तीकरण।

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) (1). प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा आज दिनांकः 22.05.2024 को जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित कस्बा चौमू क्षेत्र कालाडेरा रोड़, जिला जयपुर में करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।(2.) जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित कस्बा चौमू क्षेत्र में ही रेल्वे स्टेशन से जाहोता रोड़ पर जिला जयपुर में ही करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता







से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी- जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित चौमू में भोजलावा कट, चौमू बाईपास के पास, जिला जयपुर में ही करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

चौमू में रानी बांध बहाव क्षेत्र की भूमि को करवाया कब्जा-अतिक्रमण मुक्त।

(4). जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित चौमू क्षेत्र रानी बांध के बहाव क्षेत्र की भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई बाउण्ड्रीवाल, झोपडियां, तारबंदी कर, व अन्य अवैध निर्माण कब्जा-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर रानी बांध के बहाव क्षेत्र की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-13, 08 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

जोन-01. नगर निगम, यातायात के साथ सामूहिक अभियान के तहत एस.एम.एस. हॉस्पिटल से जेकेब रोड, जेके लॉन तक करीब 04 किमी. तक रोड़ सीमाओं को करवाया कब्जा-अतिक्रमण मुक्त।

(5). प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 20.05.2024 को नगर निगम, यातायात के साथ सामूहिक अभियान के तहत जोन-01 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित एस.एम.एस. हॉस्पिटल से जेकेब रोड़, नारायणसिंह सर्किल, धर्मसिंह सर्किल, जेके लॉन तक करीब 04 किमी. तक अवैध रूप से कब्जा अतिक्रमण कर करीब 125 स्थानों पर लगाये गये थडी ठेले, त्रिपाल, होर्डिंग, साइन बोर्ड, टेबल कुर्सियां इत्यादि अवैध कब्जे अतिक्रमणों को सामूहिक अभियान का आयोजन कर जोन-01 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड सीमा को अतिकणमण मुक्त कराया गया।

जोन-01, 02ड्ट नगर निगम, यातायात के साथ सामूहिक अभियान के तहत रामनिवास बाग से आगरा रोड, घुणी से दिल्ली रोड, ट्रांसपोर्ट नगर तक करीब 07 किमी. तक रोड सीमाओं को करवाया कब्जा अतिक्रमण मुक्त।

(6.) प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 20.05.2024 को नगर निगम, यातायात के साथ सामूहिक अभियान के तहत जोन-01, 02 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित रामनिवास बाग से घाटगेट, आगरा रोड़, घूणी से दिल्ली रोड़, ईदगाह से ट्रांसपोर्ट नगर तक करीब 07 किमी. तक अवैध रूप से कब्जा-अतिक्रमण कर करीब 150 स्थानों पर लगाये गये थडी ठेले, त्रिपाल, होर्डिंग, साइन बोर्ड, टेबल कुर्सियां इत्यादि अवैध कब्जे अतिक्रमणों को सामूहिक अभियान का आयोजन कर जोन-01, 02 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वा-रा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड सीमा को अतिक्रणमण मुक्त कराया गया।उक्त कार्यवाही नगर निगम का जाप्ता व यातायात पुलिस जाप्ता तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## मुरारीलाल मीणा का पूर्व विधायक शंकर शर्मा पर तंज

# कहा- आदमी को अपने दायरे में रहना चाहिए, बेवजह बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना हो रहे हैं

चमकता राजस्थान

**दौसा।** कांग्रेस के विधायक मुरारीलाल मीणा ने भाजपा के पूर्व विधायक शंकर शर्मा पर तंज कसा है। शर्मा का नाम लिए बगैर विधायक ने कहा कि आदमी को अपने दायरे में रहना चाहिए। बेवजह बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना हो रहे हैं। दरअसल, विधायक मीना पीजी कॉलेज में ईवीएम स्ट्रांग रूम का जायजा लेने आए थे। वहां मीडिया से उन्होंने कहा कि व्यक्ति को उसके कार्यों का निर्वहन करने दीजिए। जनता को जीने दीजिए और खुद शांति से जिएं। प्रजातंत्र में हार को स्वीकार करना चाहिए और अगले चुनाव की तैयारी करनी चाहिए। बेवजह अब्दुल्ला दीवाना बनने के बजाय व्यक्ति को अपने दायरे में रहना चाहिए। क्योंकि विधायक, विधायक होता है। उसे विधायक का काम करने देना चाहिए। यही



लोकतंत्र की परिभाषा है। मीणा ने यह भी कहा कि मैं चार चुनाव जीता हूं और एक हारा हूं।मतगणना से पहले बुधवार को कांग्रेस उम्मीदवार मुरारीलाल मीणा पीजी कॉलेज परिसर में बने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे थे। इस दौरान मीणा ने कहा कि 5 चरणों के चुनाव हो चुके। इंडिया गठबंधन का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। प्रदेश में आधी सीटें कांग्रेस जीतेगी। उन्होंने कहा कि दौसा की सीट राजस्थान में सर्वाधिक मतों से जीतेंगे। राजस्थान के चुनाव पहले चरण की जगह अंतिम दौर में होते तो कांग्रेस सभी 25 सीटों पर जीत हासिल करती। भाजपा नेताओं के बयानों में बौखलाहट देखकर लोगों को भी विश्वास हो गया है कि वे झूठ बोल रहे हैं। राम मंदिर पर बुलडोजर चलाने का झूठा बयान दिया जो संभव नहीं है। कांग्रेस शासन काल में ही राम जन्मभूमि का ताला खुलवाया गया और मूर्ति स्थापना भी हुई। भाजपा आरक्षण को एक विशेष वर्ग को देने का झूठा प्रचार कर रही है।

## झड़ाया नगर राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल का शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

- विद्यालय की शालू वर्मा ने किया विद्यालय टॉप
- कठिन परिश्रम से ही सफलता अर्जित की जा सकती है:- दीप सिंह यादव

**चमकता राजस्थान/उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)।** उपखंड क्षेत्र के पचलंकी गांव के पास स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खातियो की ढाणी झड़ाया नगर का 12 वीं कला वर्ग का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत के साथ ही गुणात्मक रूप से भी श्रेष्ठ रहा हैविद्यालय के प्रधानाचार्य दीप सिंह यादव ने बताया कि विद्यालय की होनहार छात्रा शालू वर्मा पुत्री अशोक वर्मा ने 90.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व माता पिता का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य दीप सिंह यादव ने आगे बताया की कठिन परिश्रम से ही सफलता अर्जित की जा सकती है अगर विद्यार्थी पढ़ाई में कड़ी मेहनत करें तो अच्छे अंक प्राप्त कर आगे बढ़ सकते हैं। छात्रा शालू वर्मा ने अपनी उपलब्धि का श्रेय गुरुजनों व माता पिता को दिया। वह भविष्य में शिक्षक बनना चाहती हैविद्यालय के शिक्षक योगेश शर्मा, प्रवीण कुमार, तरुण कुमार, प्रकाश टेलर, रामगोपाल मीणा सहित सभी ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर खुशी व्यक्त करते हुए। छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाएं की ' राष्ट्रीय सामाजिक जन चेतना मंच के अध्यक्ष मदनलाल भावरिया ने विद्यालय का शपथ प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहने पर विद्यालय स्टाफ को बधाई दी है '



# उदयपुर के जिला क्षय अधिकारी (चिकित्साधिकारी) एवं दलाल (प्राईवेट व्यक्ति) को 25 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे एसीबी ने हाथों किया गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

**जयपुर,!(खलील कुरैशी)** 22 मई, बुधवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर उदयपुर इकाई द्वारा कार्यवाही करते हुये डॉ. अंशुल मट्ठा जिला क्षय अधिकारी, (चिकित्साधिकारी) कार्यालय जिला क्षय निवारण केन्द्र, हाथी पोल, महाराणा भूपाल चिकित्सालय परिसर, उदयपुर एवं दलाल समीर मट्ठा (प्राईवेट व्यक्ति) को परिवादी से 25 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक





पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की उदयपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि अस्पताल के लिये क्रय किये गये फिनाइल के बिलों की ऑडिट रिपोर्ट का समायोजन करने की एवज में आरोपी डॉ. अंशुल मट्ठा जिला क्षय अधिकारी द्वारा 30 हजार रूपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी उदयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरवीजन में एसीबी की उदयपुर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी डॉ. अंशुल मट्ठा जिला क्षय अधिकारी, उदयपुर एवं दलाल समीर मट्ठा (प्राईवेट व्यक्ति) को परिवादी से 25 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरवीजन में आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टोल-फ्री हैल्पलाईन नं. 1064 एवं Whatsapp हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 24७7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

## संक्षिप्त समाचार

### सर्विस वोटर्स की प्रि-काउंटिंग के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित हुआ



**चमकता राजस्थान। अलवर 22 मई।** जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष गुप्ता की उपस्थिति में सर्विस वोटर्स की प्रि-काउंटिंग के संबंध में आज प्रताप ऑडिटोरियम में प्रशिक्षण आयोजित हुआ जिसमें करीब 200 अधिकारियों ने इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिटेड पोस्ट वॉलेट मैनेजमेंट सिस्टम (ईटीपीबीएस) के अंतर्गत प्राप्त होने वाले वोटों की काउंटिंग प्रक्रिया को समझा।जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना संबंधी सभी पहलुओं को अच्छी तरह से समझ लेवे। उन्होंने कहा कि मतगणना के संबंध में निर्वाचन आयोग के नियमों व दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही समय से इस प्रक्रिया को समाप्त करें।सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के एसीपी मनोज शर्मा द्वारा प्रथम सत्र में एवं द्वितीय चरण में एसीपी चारू अग्रवाल द्वारा सभी प्रैक्टिकल सिनेरियो प्रतिभागियो को करके दिखाएं गए। इस दौरान सभी प्रतिभागियों की बेहतर समझ के लिए उनका ऑनलाइन टेस्ट लिया गया एवं ऑनलाइन टेस्ट में प्राप्त प्रतिशत के आधार पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान प्रैक्टिकल सीनरियों को सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की टीम द्वारा सभी काउंटिंग सुपरवाइजर, काउंटिंग असिस्टेंट प्रथम एवं काउंटिंग असिस्टेंट द्वितीय को समझाया गया इस दौरान यूआईटी के डिप्टी सेक्रेटरी संजय गोयल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### उदयपुरवाटी जलदाय विभाग कार्यालय के सामने किया विरोध प्रदर्शन

- पानी की समस्या को लेकर पार्षदों ने जताया विरोध




**चमकता राजस्थान। उदयपुरवाटी ' (सुमेर सिंह राव)**कस्बे में बुधवार को जलदाय विभाग कार्यालय के सामने उदयपुरवाटी के दर्जनों पार्षदों ने पानी की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया ' जलदाय विभाग कार्यालय के बाहर धरना देकर विरोध किया ' पार्षदों की मांग है कि कस्बे के वार्डों में पीने के पानी की सप्लाई सुचारू रूप से नहीं हो रही है ' अतःपीने के पानी की सप्लाई सुचारु की जाए ' वही तेज गर्मी को ध्यान में रखते हुए वार्डों में पीने के पानी की सप्लाई के लिए टैंकर भी लगाए गए हैं उनकी बढ़ोतरी की जाए जिससे लोगों तक पीने का पानी पहुंच सके ' इस दौरान पार्षदों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की ' इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रामनिवास सैनी ,पार्षद अजय तसीड, राजेंद्र मारवाल, पार्षद प्रतिनिधि बलाराम सैनी, पार्षद शयामलाल सैनी ,भागीरथमल ,कुलदीप कटारिया, महेंद्र तंवर ,शीशपाल सैनी ,गोविंद वाल्मीकि, राकेश जमालपुरिया ,अमित कच्छावा सहित कई पार्षद व प्रतिनिधि मौजूद रहे '

### चुरू जिले में डीएसटी व थाना कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

- दस हजार रुपये का इनामी जयपुर से गिरफ्तार : शराब ठेके पर लूट व पुलिस पर फायरिंग के मामले में 8 साल से है वांछित
- आरोपी पर राज्य के विभिन्न पुलिस थानों में 35 आपराधिक मुकदमे है दर्ज



**चमकता राजस्थान। जयपुर/चूरू, (खलील कुरैशी) 22 मई।** चूरू जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन शिकंजा के अंतर्गत डीएसटी व थाना कोतवाली पुलिस की टीम ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 2016 से शराब ठेके पर लूट एवं पुलिस पर फायरिंग के मामले में वांछित 10 हजार के इनामी सुरेश उर्फ टीकू जाट पुत्र मनीराम (32) निवासी कोटड़ा की ढाणी पोपसीवाला थाना सदर नीमकाथाना को गिरफ्तार किया है।एसपी जय यादव ने बताया कि वांछित अपराधियों की धर पकड़ के लिए जिले भर में ऑपरेशन शिकंजा के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र दादरवाल व सीओ सुनील कुमार के सुपरविजन एवं डीएसटी प्रभारी वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली एवं जिला स्पेशल टीम द्वारा बुधवार को आरोपी सुरेश उर्फ टीकू जाट को जयपुर से दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया है।एसपी यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी आले दर्जे का बदमाश है तथा थाना सदर नीमकाथाना का हिस्ट्रीशीटर है। इसके विरुद्ध, जयपुर चुरु, झुन्झनू, सीकर, टोंक आदि जिलों में चोरी, नकबजनी, डकैती, हत्या का प्रयास, मारपीट, पुलिस पर फायरिंग, आर्म्स एक्ट, लूट इत्यादि के 35 आपराधिक प्रकरण दर्ज है। इस कार्रवाई में जिला स्पेशल टीम सीकर के कांस्टेबल सुभाष की विशेष भूमिका रही है।


## संक्षिप्त खबर

### राजाखेड़ा इलाके में नाबालिग की हुई हत्या के प्रकरण में आया नया मोड़



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** जिला धौलपुर के राजाखेड़ा उपखण्ड में नाबालिक बालिका की हत्या प्रकरण में आया नया मोड़ मृतक बालिका की बॉडी का पोस्ट मार्टम करवाये जाने के दौरान बालिका के साथ बलात्कार करने की घटना आई सामने है !नाबालिग बालिका की उसके ही नजदीकी रिश्तेदारों ने गैंगरेप कर सीमेंटेड ईंटों से की थी हत्या, आईजी भरतपुर रेंज भरतपुर राहुल प्रकाश के निर्देशन में धौलपुर जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा आईपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धौलपुर एवं वृत्ताधिकारी वृत्त मनियां जिला धौलपुर द्वारा घटना होने के पश्चात से ही थाना राजाखेड़ा पर किया केम्प, घटना को लेकर वीरसिंह पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना राजाखेडा ने थाना राजाखेडा से पृथक पृथक चार टीम बनाकर विधि से संघर्षरत बालकों की दस्तयाबी हेतु उत्तरप्रदेश बॉर्डर, मध्यप्रदेश बॉर्डर पर किया गया था रवाना, करूणामय एवं दिल दहलाने वाली घटना की सूचना मिलने पर थानाधिकारी थाना राजाखेड़ा द्वारा मौके पर पहुंचकर लिया गया स्थिति का जायजा, मृतक बालिका की बॉडी का आरोपी परिजनों ने किया था चंबल नदी में जल दाह संस्कार, पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा जिला धौलपुर द्वारा लगातार पुलिस जिला धौलपुर को आमजन में विश्वास एवं अपराधियों में डर के स्लोगन को मजबूत एवं जवाबदेह बनाते हुए 24 घण्टे की समयावधि में ही विधि से संघर्षरत बालकों को किया निरूद्ध, वीरसिंह पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना राजाखेड़ा एवं विशेष रूची लेकर प्रकरण को हल करने वाले जाप्ता की जिला पुलिस अधीक्षक धौलपुर ने थपथपाई पीठ।

### श्रीमद भागवत सप्ताह के अंतिम दिन में हुआ रमणीक और मनमोहक व्याख्यान



**चमकता राजस्थान, (सत्यनारायणपारीक)।** आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में आयोजित श्रीमद भागवत सप्ताह के अंतिम दिवस के मौके पर श्री कृष्ण सुदामा मिलन का सुंदर चित्रण झाकियों के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं के समक्ष किया गया। वृंदावन से पधारे महाराज श्री बलराम द्वारा सुंदर एवं आकर्षित झाकियां अंतिम दिवस के मौके पर बनाई गई। भक्तजन महाराज श्री के भजनों पर खुशी से झूम उठे, कथा पांडाल का माहौल सुंदर और आकर्षित हो गया। श्री कृष्ण ने सुदामा के चरण धोकर अपने महल में स्वागत किया। श्रीमद भागवत सप्ताह के अंतिम दिन महंत श्री 1008 राम दुलारे जी महाराज (ब्राह्मणों की सरेरी, रायला), महंत श्री 1008 शंकर दास जी महाराज (नारायण धाम आश्रम, धानेश्वर) का आशीर्वाद सभी श्रद्धालुओ को मिला।

### चौंकाने वाले हैं सादुलपुर में चोरी की जाँच के आंकड़े

**चमकता राजस्थान, सादुलपुर।** 'आमजन में विश्वास,अपराधियों में भय राजस्थान पुलिस का यह स्लोगन हर थाने में लिखा नजर आता है` लेकिन विगत पांच वर्षों में सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र में स्थिति कुछ अलग ही रही` क्षेत्र में चोरी की सैकड़ों वारदातें हुई` वर्ष 2018 से 2023 की अवधि में सादुलपुर क्षेत्र में चोरी के कुल 361 मुकदमे संबंधित तीनों थानों में दर्ज हुए ` चोरी की घटनाओं के शिकार व परेशान आमजन को उम्मीद थी कि पुलिस थाने में केस दर्ज करवाने के बाद चोर सलाखों में नजर आएंगे` लेकिन गत पांच वर्ष के आंकड़ों पर नजर डालें तो लगता है कि जाँचकर्ता पुलिस को ही किसी की नजर लग गई है` इस अवधि के दौरान विधानसभा क्षेत्र के सादुलपुर, हमीरवास, सिद्धमुख थानों में दर्ज चोरी के कुल 361 मुकदमों में से पुलिस अपनी जाँच में केवल 58 मामलों में मुल्ज़िमो का चालान पेश कर पाई जबकि 264 मामलों में पुलिस ने एफआर अदम पता पेश कर इतिश्री कर ली। वहीं 38 प्रकरणों में सादुलपुर पुलिस ने एफआर अदम वकु मानकर मामले बंद कर दिए। उक्त चोंकाने वाला खुलासा नव निर्वाचित विधायक मनोज न्यॉंगली द्वारा विधानसभा में पूछे गए अतारांकित प्रश्न जवाब में उजागर हुआ है। विधायक न्यॉंगली ने प्रश्न पूछा था कि गत पांच वर्ष में सादुलपुर विधानसभा के थानों में चोरी के कुल चोरी के कितने मुकदमे दर्ज हुए तथा कितने मामलों में चोरी का खुलासा हुआ एवं कितने मुकदमों में पुलिस चोरी का खुलासा नहीं कर पाई।

# एसबीजीबीटी के आठवें स्थापना दिवस पर हुआ जिला स्तरीय सम्मान

## डॉ. सत्यपाल सिंह मीना आईआरएस ने दोहराया बाड़ी को ''एजुकेशन हब'' बनाने का संकल्प

चमकता राजस्थान





**धौलपुर/बाड़ी (रामदास तरुण)।** ग्रामीण क्षेत्रों में रचनात्मक कार्यों से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए कृत-संकल्पित सोच बदलो-गांव बदलो टीम का 8 वां स्थापना दिवस उत्थान परिसर बाड़ी में मनाया गया। इस अवसर पर सोच बदलो-गांव बदलो टीम एवं अखिल भारतीय मीना समाज के सौजन्य से ज़िले की विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। सोच बदलो-गांव बदलो टीम की स्थापना 21 मई 2017 में ग्रामीण क्षेत्रों में जनचेतना यात्रा के साथ हुई। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में समाजोत्थान के कार्यों में जन-भागीदारी सुनिश्चित करते हुये, जन-जागरूकता , ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षिक उन्नयन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयास करना है। टीम संस्थागत रूप से लोगों में रक्तदान के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने हेतु प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन करती है। जिसमें युवा एवं महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। टीम ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब एवं ज़रूरतमंद विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी एवं बोर्ड परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध करा रही है। इसके लिए सरमथुरा में बहुउद्देशीय उत्थान भवन में उत्थान कोचिंग संस्थान के अतिरिक्त, उत्थान लाइब्रेरी एवं उत्थान आरएस सीआईटी कंप्यूटर क्लासेज का संचालन किया जा रहा है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों ज़रूरतमंद विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। टीम के द्वारा बाड़ी के उत्थान परिसर में भी निःशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त इस मुहिम में करौली एवं नादौती में भी निःशुल्क कोचिंग संस्थान संचालित हैं! जो कि सोच बदलो-गांव बदलो अभियान की सफलता को इंगित करता हैं। ज्ञातव्य है कि सामाजिक सरोकारों से संबद्ध

इस अभियान के जन्मदाता डॉ. सत्यपाल सिंह मीना आईआरएस अधिकारी के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों युवा पे बैक टू सोसायटी

के सिद्धांत पर कार्य करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। एक दर्जन से अधिक श्रेणियों में समाज की प्रतिभाओं का किया गया सम्मान ! टीम के रामनरेश मीना बताया के श्रेणियों में शैक्षिक सत्र 2022-23 के दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में 80 फ़ीसदी से अधिक अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थी, स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में 70 फ़ीसदी से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी, वर्ष 2023 में नीट, आईआईटी जेईई, जेआरएफ परीक्षाओं में चयनित विद्यार्थियों के अलावा वर्ष 2023 में विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयनित सरकारी कर्मचारी एवं वर्ष 2023 में सरकारी सेवाओं से सेवानिवृत्ति प्राप्त गणमान्यजन भी सम्मानित किए गए।

**आयकर आयुक्त डॉ. सत्यपाल सिंह मीना ने संबोधित करते हुए कहा**

कि शिक्षा के माध्यम से ही हमारे क्षेत्र और समाज का विकास संभव है। उन्होंने भविष्य की रूपरेखा खींचते हुए कहा कि आने वाले समय में बाड़ी को शिक्षा का केंद्र बनाया जाएगा, जिससे न केवल विद्यार्थियों को फ़ायदा मिलेगा बल्कि बाड़ी और उसके आसपास के लोगों के लिए भी रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। इस मौके पर यूपीएससी में चयनित लक्ष्मण मीना को टीम द्वारा सम्मानित किया गया।

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर अखिल भारतीय मीना समाज धौलपुर के अध्यक्ष किशनसिंह सरपंच, महामंत्री कल्याण सिंह, महाराष्ट्र के औरंगाबाद से पधारे डॉ. प्रियानंद अगड़े,विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी एवं हज़ारों की संख्या में विद्यार्थी एवं कार्यकताओं के अलावा महिलाएं और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अजय रावत ने किया।

## 'एक परिंडा मेरा भी' अभियान के तहत कैबिनेट मंत्री ने लगाएं बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा राजस्थान द्वारा प्रदेश भर में बेजुबान परिंदों के लिए चलाए जा रहे ?एक परिंडा मेरा भी? अभियान के तहत आज झोटवाड़ा विधानसभा के वार्ड 44 स्थित करधनी सेंट्रल पार्क में राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री श्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ द्वारा भाजयुमो नेताओ के साथ बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाएं गये। मंत्री राठौड़ ने इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा राजस्थान के कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि पक्षियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करने हेतु ?एक परिंडा मेरा भी अभियान? एक सराहनीय कदम है। ग्रीष्मकाल प्रारंभ होने के साथ ही गर्मी में बेजुबान पशु-पक्षियों को खासा दिक्कतें पेश आती हैं. ऐसे में उनके पीने के पानी की व्यवस्था करने के मकसद से युवा मोर्चा के कार्यकर्ता पूरे राजस्थान में परिंडे लगाकर गैर सामाजिक संस्थाओं (एनजीओ) सामाजिक संस्थाओं, धार्मिक समितियां और इन्फ्लुएंसरों को भी जोड़कर अपने सामाजिक दायित्व का भी निर्वहन कर रहे हैं।

इस अवसर पर युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल पार्थ ने बताया कि भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्री अंकित गुर्जर चेची के नेतृत्व में संपूर्ण राजस्थान में भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा अभी तक सभी 44 जिलों की 200 विधानसभाओं के 1132 मंडलों में ?एक परिंडा मेरा भी? अभियान के तहत अब तक एक लाख से अधिक परिंडे लगाएं जा चुके हैं।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र जी सतनाली, भाजयुमो नेता अनुज शर्मा, अजय सिंह शेखावत, सुमन कंवर जी, पार्षद वार्ड 44 सुशील जी बारी और युवा मोर्चा के कार्यकर्ता एवं मंडल के पदाधिकारी और नगर के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

## आरगेनिक खेती में नवाचारः गयाप्रसाद मीना की मिश्रित खेती से नई ऊंचाईयां


चमकता राजस्थान



**धौलपुर ( रामदास तरुण)।** धौलपुर जिले की मजबूत टीम हर घर शिक्षा ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान के एक छोटे से जिले धौलपुर के गांव खोखला आगई निवासी गयाप्रसाद मीना जैविक खेती से ताल्लुक रखते हैं! लेकिन उनकी सोच और मेहनत ने उन्हें पूरे क्षेत्र में एक प्रेरणादायक बना दिया है। वे अपनी जमीन पर गन्ना, चीकू, हल्दी, नींबू और नेपीयर घास की मिश्रित खेती करते हैं। किसान गयाप्रसाद मीना ने आरगेनिक खेती का रास्ता इसलिए चुना और इसमें निम्न तरह की चुनौतियों का सामना किया। आरगेनिक खेती के जरिए हम न केवल अपनी जमीन की उर्वरता को बनाए रखते हैं! बल्कि रसायनों से होने वाले नुकसान से भी बचते हैं। शुरूआत में कुछ कठिनाइयां आईं, लेकिन धीरे-धीरे हमने तकनीकों को समझा और अपनी खेती में सुधार किया। गन्ना, चीकू, हल्दी, नींबू, और नेपीयर घास के खेतों इनके यहां देखने को मिले। टीम हर घर शिक्षा बताती हैं कि गयाप्रसाद की खेती की विशेषता है कि वे विभिन्न प्रकार की फसलों को एक साथ उगाते हैं। इससे न केवल मिट्टी की गुणवत्ता बनी रहती है, बल्कि फसल विविधता से उन्हें आर्थिक स्थिरता भी मिलती है। मलखान मीना ने पूछा कि मिश्रित खेती में नेपीयर घास का क्या महत्व है नेपीयर घास पशुओं के लिए उत्तम चारा है। इससे हमारे पशुओं को पौष्टिक आहार मिलता है, जो दूध उत्पादन में सहायक होता है। साथ ही, यह मिट्टी की नमी को भी बनाए रखने में मदद करता है। आरगेनिक खेती में गयाप्रसाद की सफलता ने आसपास के किसानों को भी प्रेरित किया है। वे अपने अनुभव और ज्ञान को साझा कर, अन्य किसानों को भी इस पथ पर चलने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।यह थी गयाप्रसाद मीना की कहानी, जो यह साबित करती है ! कि समर्पण और सही तकनीक से आरगेनिक खेती में भी सफलता हासिल की जा सकती है। इस प्रकार की खेती न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है, बल्कि यह आर्थिक दृष्टि से भी टिकाऊ है। इस मौके पर टीम हर घर शिक्षा के कार्यकर्ता भूरी सिंह, रोहित मीना, बलवीर मीना, मलखान मीना, नीरज, अजमल एवम अन्य मौजूद रहें।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक में वीसी के जरिये जुड़े, दिये कई दिशा निदेश

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों, विधायकों एवं सांसदों के साथ आयोजित बैठक में वीसी के जरिये शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों से आ''ान करते हुए कहा कि सेवा ही संगठन के भाव को आगे बढ़ाए और हमारा सामाजिक दायित्व भी बनता है कि भीषण गर्मी (हीट वेव) को देखते हुए सामाजिक सरोकारों से जुड़े। उन्होंने कहा कि इसके लिए बस स्टेण्ड, अस्पताल, रेलवे स्टेशन एवं प्रमुख स्थानों पर आमजन के लिए वॉटर कूलर, शीतल पेयजल व्यवस्था करने की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि पानी टैंकर उपलब्ध करवाने के समाज सेवा के कार्य किए जाएं, जिससे आमजन को राहत मिल सकें। साथ ही उन्होंने पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगाने एवं गौशाला में सहयोग करने का आ''ान भी किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, केबिनेट मंत्री श्री मदन दिलावर, सासंद श्री घनश्याम तिवाड़ी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री राजेन्द्र राठौड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष श्री सतीश पूनिया, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री श्रवण सिंह बगड़ी सहित विभिन्न पदाधिकारी जुड़े।

# जिला कलक्टर ने कानाखेड़ी में की रात्रि चौपाल किया ग्रामीणों की समस्याओं का निदान

चमकता राजस्थान



**दिये कई आवश्यक दिशा-निर्देश, कानाखेड़ी में गुजारी रात**

**श्रीनगर/अजमेर (रघुनन्दन पारीक)।** श्रीनगर पंचायत समिति की कानाखेड़ी ग्राम पंचायत के ग्राम पंचायत परिसर में जिला कलक्टर डॉ. भारती दीक्षित द्वारा रात्रि चौपाल आयोजित की गई। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण किया गया। रात्रि चौपाल के पश्चात जिला कलक्टर द्वारा क्षेत्र में ही रात्रि गुजरी गई। नसीराबाद के उपखंड अधिकारी देवी लाल यादव ने बताया कि आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए जिला कलक्टर डॉ. भारती दीक्षित द्वारा श्रीनगर पंचायत समिति की कानाखेड़ी ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल आयोजित की गई। इसमें पानी, बिजली, सड़क एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने रात्रि चौपाल में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं बताई। इनके निस्तारण के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा गर्मी के कारण झूलते तारों को दुरुस्त किया जाएगा। इन झूलते तारों की लोकेशन के बारे में ग्रामीण भी अधिकारियों को जानकारी दे सकते हैं। विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों के मोबाइल नंबर साझा किए गए। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कानाखेड़ी से गुजरने वाली विद्युत लाइन के स्थानांतरण का कार्य एक सप्ताह में आरंभ किया जाएगा। कानाखेड़ी में पेयजल सप्लाई नियमित रूप से करने के निर्देश दिए गए। ग्रामीण बस सेवा कुछ ही दिनों में आरंभ की जाएगी। उन्होंने बताया कि श्रीनगर के राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय के चिकित्सा प्रभारी अधिकारी डॉ. अभिषेक बारोलिया के स्थान पर अन्य प्रभारी अधिकारी को नियुक्त करने के निर्देश प्रदान किए गए। कालेड़ी - बीर चौराहे की सड़क के पेचवर्क का कार्य मानसून से पहले किया जाएगा। रामपुरा तक की नॉनपेचेबल सड़क का डामरीकरण कराने के लिए निर्देशित किया गया। वक्फ बोर्ड के लिए आवंटित भूमि का आवंटन निरस्त करने के लिए प्रस्ताव बनाए जाएंगे। इस अवसर पर समाजसेवी जयसिंह रावत कानाखेड़ी तहसीलदार महेश शेषमा, विकास अधिकारी महेश चौधरी, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामलाल चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# 13 जुलाई को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का अदालत

चमकता राजस्थान



**धौलपुर ( रामदास तरुण)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर केनिर्देशानुसार दिनांक 13.07.2024 को ''द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत'' का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए 22 मई को रेखा यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर द्वारा बैंक अधिकारियों के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में सचिव रेखा यादव द्वारा बैंक के पदाधिकारीगण से राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य विभिन्न प्रकृति के लंबित एवं प्री.लिटिगेशन के अधिक से अधिक प्रकरणों को चिन्हित कर निस्तारित करने चिन्हित प्रकरणों में प्री. काउंसलिंग करने नोटिसों की तामील राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार.प्रसार सहित विभिन्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया तथा सभी बैंक अधिकारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने बताया पक्षकारों द्वारा आपसी समझाईस एवं राजीनामे के आधार पर अपने प्रकरणों का राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण कराते हुए शीघ्र सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त करने के इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकार अपने मामले को संबंधित न्यायालय के जरिए या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जरिए 12 जून को प्री.काउंसलिंग हेतु रखवा सकते हैं।

**ये रहे उपस्थित**

मीटिंग में रोहिताश गुर्जर, धीरज कुमार सिंह, अमित दिवाकर, राकेश कुमार, गिर्राज कुमार मीणा, प्रदीप कुमार, प्रसन्न भार्गव, हरिओम, नरेश कुमार वर्मा, विजय पाल आदि बैंक पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## एक नजर

### कामिरिता ने दस दिन में दूसरी बार माउंट एवरेस्ट की सफल चढ़ाई कर बनाया कीर्तिमान



**काठमांडू।** दस दिनों के भीतर दूसरी बार विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्व चढ़ाई कर नेपाली पर्वतारोही कामिरिता शेर्पा ने एक नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। माउंट एवरेस्ट पर आज 30वीं बार सफल आरोहण कर कामिरिता ने सबसे अधिक बार का रिकार्ड भी अपने नाम कर लिया है। नेपाल पवारोही संघ की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया है कि कामिरिता शेर्पा ने बुधवार की सुबह 7 बजकर 49 मिनट पर माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंच कर नया रिकार्ड बनाया है। एवरेस्ट पर चढ़ने वाले कामिरिता पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जो अब तक तीसवीं बार सफल आरोहण कर चुके हैं। इससे पहले 12 मई को भी कामिरिता ने 29वीं बार सफल चढ़ाई कर रिकार्ड अपने नाम किया था। इस बार जब से पवारोहण के लिए सरकार की तरफ से अनुमति दी गई, तब से 10 दिनों के भीतर ही कामिरिता ने दो बार सफल आरोहण करने का रिकार्ड बना लिया है। पिछले वर्ष 23 मई को कामिरिता ने 28वीं बार माउंट एवरेस्ट का सफल आरोहण किया था।

### कानपुर: ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**कानपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र में पूरा उत्तरी के समीप बुधवार को एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई कर रही है। सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणपुर अभिषेक कुमार पांडेय ने बताया कि आज सुबह पुलिस को सूचना मिली कि देवेन्द्र प्रताप उर्फ वैभव की रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराने के बाद परिवार को खबर दिया है। हादसे की खबर मिलते ही परिवार के लोग भी वहां पहुंचे है। पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज देगी।

### एम्स ऋषिकेश में महिला चिकित्सक से छेड़छाड़ करने वाला आरोपित नर्सिंग आफीसर गिरफ्तार

**ऋषिकेश।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में छेड़छाड़ के आरोपित नर्सिंग आफीसर को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित नर्सिंग आफीसर ने चिकित्सक के साथ छेड़छाड़ की थी। इस पर आरोपित नर्सिंग आफीसर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर चिकित्सकों ने हड़ताल कर दी थी और जमकर हंगामा हुआ था। आखिरकार चिकित्सकों की चेतावनी और महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल के हस्तक्षेप के बाद आरोपित नर्सिंग आफीसर को पुलिस को गिरफ्तार करना पड़ा। उत्पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित नर्सिंग आफीसर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसके बाद भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उसे गिरफ्तार कर लिया गया। भारी भीड़ और हालात को देखते हुए पुलिस को इमरजेंसी वार्ड के भीतर से अपने वाहन को निकालना पड़ा।

### लाइसेंसी हथियार जमा न करवाने पर शस्त्र लाइसेंस होगा निरस्त: एसपी



**फतेहाबाद।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने शस्त्र लाइसेंसधारकों को जल्द से जल्द अपने लाइसेंसी हथियार नजदीकी पुलिस थाना या गन हाउस में जमा करवाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस कप्तान ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के छठवें चरण में 25 मई को हरियाणा में भी मतदान होना है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न करवाने के उद्देश्य से लाइसेंसधारक को अपना हथियार बिना किसी देरी के जमा करवाना चाहिए। चुनाव के दौरान किसी के पास भी कोई हथियार नहीं होना चाहिए। जो लोग अपने लाइसेंसी शस्त्र जमा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही वह अशांति फैलाने में शामिल पाए गए, तो उनके शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

### युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**हरिद्वार।** थाना पथरी क्षेत्रांतर्गत गांव बिशनपुर कुंडी निवासी एक युवक ने गृहक्लेश के चलते फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा होनी शुरू हो गई। शव की पहचान बिशनपुर कुंडी निवासी अमित पुत्र रामकुमार के रूप में हुई। ग्रामीणों ने युवक की मौत की सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। अमित का शव पेड़ से लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। आनन-फानन में शव को पेड़ से नीचे उतारा और इसकी सूचना स्थानीय पुलिस चौकी फेरूपुर को दी।

---

मुख्यमंत्री ने बस्ती के पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्राउंड में जनसभा को किया संबोधित

# नए भारत की नई प्रगति के नए पैमाने गढ़े जा रहे: योगी




**बस्ती। एजेंसी**

पांच चरणों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। पूरे देश के लोगों को चार जून के परिणाम के बारे में कोई संदेह नहीं रह गया है। चारों तरफ जनमानस उद्घोष कर रहा है-'फिर एक बार मोदी सरकार', 'अबकी पार-400 पार'। यह बात सुनते ही कांग्रेस व सपा के इंडी गठबंधन को चक्कर आने लगता है, क्योंकि दोनों मिलकर भी 400 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। यह लोग पूछते हैं कि ऐसा नारा क्यों, तब जनता कहती है-चाहे जितना जोर लगा लो, जीतेंगे तो मोदी ही, क्योंकि जो राम को लाए हैं-हम उनको लाएंगे। मोदी जी ने 500 वर्ष का इंतजार समाप्त कराकर प्रभु रामलला को अयोध्या में विराजमान कर दिया है। यह बातें महर्षि वशिष्ठ की भूमि बस्ती में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। प्रधानमंत्री की मौजूदगी में उन्होंने पॉलीटेक्निक कॉलेज ग्राउंड,बस्ती में जनसभा को संबोधित किया। सीएम ने बस्ती से हरीश द्विवेदी, संतकबीर नगर से प्रवीण निषाद और डुमरियागंज से जगदंबिका पाल को पुनः सदन भेजने की अपील की।

**बचपन को बचाने के लिए मोदी जी ने दीं कई सुविधाएं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब भारत के विरासत व विकास का अद्भुत संगम दिख रहा है। पहले स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर पूर्वांचल में सिर्फ बीएचयू व गोरखपुर में मेडिकल कॉलेज था, लेकिन आज गोरखपुर में एम्स, महराजगंज,बस्ती,सिद्धार्थनगर समेत हर जनपद में मेडिकल कॉलेज की स्थापना का कार्य हुआ। मासूम 40 वर्ष से इंसेफेलाइटिस से दम तोड़ता था। यहां के बचपन को बचाने के लिए मोदी जी ने स्वच्छ भारत अभियान, हर घर नल योजना और मेडिकल कॉलेज जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं दी हैं।

**नए भारत की नई प्रगति के नए पैमाने गढ़े जा रहे**

सीएम ने कहा कि यह चुनावी संग्राम रामभक्त और रामद्रोहियों के बीच चल रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर व विकसित भारत बनाना है। यह क्षेत्र कभी तरसता था कि एक चीनी मिल चल जाती। आज नई चीनी मिलें चल रही हैं। गन्ना मूल्य का भुगतान हो रहा है।

## भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं को जागृत करना होगा: श्रीयति




**ऋषिकेश। एजेंसी**

जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर श्रीयति नरसिंहानन्द सरस्वती ने कहा कि जब तक युवाओं को जागृत नहीं किया जाएगा, तब तक भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने में दिक्कत आएगी। इसलिए भारत के युवाओं को जागृत करने की आवश्यकता है।

यह बात महामंडलेश्वर नरसिंहानंद ने ऋषिकेश रेलवे रोड स्थित होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि भारत देश को हिन्दु राष्ट्र बनाने मे युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने की आज बहुत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में दिए गए अपने संबोधन में युवाओं के जागृत किए जाने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि युवा शक्ति किसी भी देश में बड़ी से बड़ी क्रांति तभी ला सकती है। लेकिन उन्हें सही दिशा दिए जाने की आवश्यकता है। नरसिंहानन्द सरस्वती के ऋषिकेश पहुंचने पर राष्ट्रीय हिन्दु शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राघवेंद्र भटनागर एवं उनके सभी सदस्यों की ओर से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विवेक वर्मा, राजेंद्र बिष्ट, संजय बिष्ट, रितेश गुप्ता, अलोक चावला, रोहित जोशी, गौतम नागपाल, प्रिंस सक्सेना, संजय शर्मा आदि उपस्थित थे।

## भाजपा को जिताकर मोदी को मजबूत प्रधानमंत्री बनाएं: मनोहर



**करनाल। एजेंसी**

करनाल लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को करनाल, नीलोखेड़ी और घरौंडा क्षेत्र में जनसंपर्क किया। भीषण गर्मी और तबीयत खराब होने के बावजूद मनोहर लाल वोट मांगने लोगों के बीच पहुंचे। इस दौरान मनोहर ने पूर्व की कांग्रेस सरकार पर हमला बोला। उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार के काम गिनवाए और आने वाली 25 मई को भाजपा के समर्थन में भारी संख्या में मतदान करने की अपील की। मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश और केंद्र में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने लोगों के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। हमने युवाओं को बिना खर्ची, बिना पर्ची के नौकरी दी। प्रदेश से भ्रष्टाचार खत्म करने का काम किया है। कांग्रेस सरकार के समय में कानून व्यवस्था का दिवाला पिटा पड़ा था। हर कोई उनके कारनामों से त्रस्त था, लेकिन भाजपा सरकार के आते ही कानून व्यवस्था में सुधार हुआ व लोगों का विकास हुआ।

सभी 11 सीटों पर कमल खिलाएं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश की सभी 11 सीटों (एक विधानसभा और 10 लोकसभा) पर कमल का फूल खिलाकर, अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने में हरियाणा अपना पूरा योगदान दे। ध्यान रखें आपको करनाल में दो कमल के फूल (एक विधानसभा सीट और एक लोकसभा सीट) खिलाने हैं।

## अमेरिका का इब्राहिम रईसी के हेलीकॉप्टर हादसे की जांच में सहयोग से इन्कार



**वाशिंगटन। एजेंसी**

ईरान में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के हेलीकॉप्टर हादसे की जांच में सहयोग करने से अमेरिका ने इनकार कर दिया है। अमेरिका ने आने-जाने की दिक्कतों का हवाला दिया है। इस हादसे में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के साथ विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियन और छह अन्य लोगों की मौत हो गई थी। ईरान सरकार ने अमेरिका से जांच में मदद का आग्रह किया था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से प्रेस वार्ता में जब ईरान सरकार की ओर से मदद का आग्रह किए जाने के बाबत पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका इस तरह की स्थितियों में विदेशी सरकारों से आग्रह आने पर मदद करता है लेकिन अमेरिका उसकी किसी भी तरह की मदद कर पाने में सक्षम नहीं है। अमेरिका काफी हद तक लॉजिस्टिकल कारणों से ईरान की मदद करने में सक्षम नहीं है। अमेरिका द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रईसी के प्रति संवेदना व्यक्त करने और एक मिनट के मौन में भाग लेने संबंधी सवाल पर मिलर ने कहा कि उनके देश का स्पष्ट मत है कि रईसी चार दशकों तक ईरानी लोगों के दमन में क्रूर भागीदार थे, लेकिन अमेरिका हेलीकॉप्टर दुर्घटना जैसी घटना में कोई भी जान जाने पर अफसोस व्यक्त करता है। लेकिन इससे ईरान में जज और राष्ट्रपति के तौर पर रईसी के रिकार्ड की हकीकत और यह तथ्य नहीं बदल जाता कि उनके हाथ खून से सने थे। मिलर ने कहा ईरान के प्रति हमारा मौलिक दृष्टिकोण न बदला है और न ही बदलेगा। हम ईरान के लोगों का समर्थन करना और उनके मानवाधिकारों, एक खुले व मुक्त समाज और लोकतांत्रिक भागीदारी की उनकी आकांक्षाओं की रक्षा करना जारी रखेंगे।

मिलर ने पूर्व ईरानी विदेश मंत्री मोहम्मद जवाद जरीफ की उस टिप्पणी का भी जवाब दिया, जिन्होंने हादसे के लिए अमेरिकी प्रतिबंधों को दोषी ठहराया था। अमेरिकी प्रवक्ता ने कहा ईरानी सरकार ने आतंकवाद का समर्थन करने के लिए उपकरण ले जाने में अपने विमान का उपयोग किया। इसलिए हम अपने प्रतिबंधों को पूरी तरह से जारी रखेंगे।

### गृहमंत्री के खिलाफ आन्दोलन करेगी नेपाली कांग्रेस

**काठमांडू।** प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ और अधिक आक्रामक ढंग से विरोध करने जा रही है। बुधवार को पार्टी मुख्यालय में केन्द्रीय समिति और संसदीय दल की संयुक्त बैठक में गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ सदन के अलावा सड़क पर भी विरोध-प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। बैठक की जानकारी देते हुए सांसद एवं पूर्व मंत्री एनपी साउद ने कहा कि सरकार ने विपक्षी दल की मांग को अनसुना कर दिया है और सहकारी मामले की जांच कराने से पीछे हट रही है। साउद ने बताया कि अब तक कांग्रेस सिर्फ सदन में गृहमंत्री के खिलाफ अपना विरोध-प्रदर्शन कर रही थी लेकिन अब सड़क पर आन्दोलन करने जा रही है। दोनों सदन की कार्यवाही रोकने के साथ ही सड़क पर भी गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस की सांसद एवं पूर्व मंत्री चन्दा चौधरी ने बताया कि केन्द्रीय कार्य समिति और संसदीय दल की संयुक्त बैठक में गृहमंत्री के खिलाफ पहले चरण में काठमांडू में प्रदर्शन करने का फैसला लिया गया है।

### दहेज हत्या मामले में दोषी पति को 10 वर्ष की सजा

**हमीरपुर।** मंगलवार को दहेज हत्या के साढ़े चार साल पुराने मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम मनोज कुमार शासन की अदालत ने दोषी पति को 10 वर्ष का कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही छह हजार जुमार्ना लगाया है। जबकि आरोपी सास को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। वहीं आरोपी ससुर की मुकदमा दौरान मौत हो चुकी है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता महेश द्विवेदी व रामबाबू अवस्थी ने बताया कि पीड़ित मां कुसुम ने 22 सितंबर 2019 को जरिया पुलिस को दी तहरीर में बताया था, कि उसने अपनी बेटी रीना का विवाह सुरेश कुमार अहिरवार निवासी सरीला मोहल्ला हटवारा के साथ सात जुलाई 2016 को की थी। बताया कि जब बेटी ससुराल गई तो पति, ससुर काशीप्रसाद, सास रामदेवी, जेठ धर्मेंद्र, अशोक, जेठानी ममता व सरस्वती पहली विदाई में अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। जब उसकी बेटी मायके आई तो सारी बातें बताई। बताया कि तेजाब डालकर उसे जलाने का प्रयास किया गया। जिस पर बेटी ने फोन कर उन्हें बुलाया।

## 400 पार के लक्ष्य को प्राप्त करेगी भाजपा: सुरेश



**शिमला। एजेंसी**

शमला लोकसभा सीट से भाजप प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने बुधवार को कसौली विधानसभा क्षेत्र के सीआरआई कसौली, कुमारहट्टी बाजार, धर्मपुर बाजार व सुबाथू में जनसंपर्क प्रवास के दौरान कहा कि भारत में लोकतंत्र की खूबसूरती उसके चुनावों में निहित है। यह उपलब्धि अपने आप में महत्वपूर्ण है, जो भारतीय जनता पार्टी की मजबूत स्थिति और लोकप्रियता को दशार्ती है।

उन्होंने कहा कि चुनावी पर्व में सात में से पांच चरणों का चुनाव सम्पन हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी सम्पन हुए पांच चरणों के चुनावों में 310 को पार कर गए हैं और यदि भारतीय जनता पार्टी छठे और सातवें चरण के चुनावों में भी इसी गति को बनाए रखती है और 400 सीटों का लक्ष्य प्राप्त कर लेती है, तो यह न केवल पार्टी के लिए बल्कि भारतीय राजनीति के लिए भी एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित होगा। यह प्रधानमंत्री मोदी की नेतृत्व क्षमता और पार्टी की संगठित रणनीति की जीत होगी। इससे भारत के विकास के मार्ग में नए अवसर और संभावनाएं खुलेंगी। सुरेश कश्यप ने कहा कि आरक्षण का मुद्दा भारतीय राजनीति में सदैव से ही संवेदनशील और विवादास्पद रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास रहा है कि वह हमेशा एससी-एसटी आरक्षण का विरोध करते आएं है। उन्होंने कहा कि अगर डॉ.बी.आर. अंबेडकर नहीं होते तो एससी-एसटी समुदायों को आरक्षण कभी नहीं मिल पाता। भाजपा ने यह आरोप लगाया है कि पंडित नेहरू ने मुख्यमंत्रियों को चिट्ठी लिखकर आरक्षण के प्रति अपनी असहमति व्यक्त की थी। नेहरू व राजीव गांधी परिवार के जितने भी प्रधानमंत्री हुए उन्होंने हमेशा एससी-एसटी आरक्षण का विरोध किया। आरक्षण का उद्देश्य समाज के उन वर्गों को मुख्यधारा में लाना है जो सदियों से सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं।

इसका उद्देश्य है कि इन वर्गों को शिक्षा, रोजगार, और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में उचित अवसर मिल सकें। कांग्रेस ने हमेशा गरीब, एससी-एसटी, ओबीसी, महिला, हर वर्ग को धोखा दिया हैं, आज उनके पास सिर्फ एक ही वोट बैंक बचा हैं। वो इस वोट बैंक को खुश करने के लिए धर्म के आधार पर इन सबका आरक्षण छीनकर वोट जिहाद करने वालां को देना चाहते हैं।

## डबल इंजन की सरकार ने मजबूती से किए काम : सैनी



**करनाल। एजेंसी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी में बुधवार को करनाल के गांव कमालपुरा में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा को भारी मतों से जिताने और प्रदेश की सभी 11 सीटों (एक विधानसभा और 10 लोकसभा) पर कमल का फूल खिलाने का आह्वान किया। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस को जमकर घेरा। नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस झूठों की पार्टी है।

उसने हमेशा लोगों से झूठ बोलकर वोट हथियाने का काम किया है। कांग्रेस के पास न नीति है और न ही नेता ये लोगों को बरगला रहे हैं ।सैनी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि राहुल कहते हैं कि एक झटके में गरीबी खत्म कर देंगे, लेकिन कैसे इसके बार में उन्होंने कुछ नहीं बताया। कांग्रेस सिर्फ अपने वोट बैंक की राजनीति करती है। उसे प्रदेश और देश के विकास से कुछ लेना देना नहीं है। वहीं, दूसरी तरफ भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश की मजबूती से किए काम किए हैं, देश की मजबूती के लिए काम किए हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि आने वाली 25 मई को प्रदेश में 10 कमल के फूल खिलाने का काम करें और अपने प्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को एक मजबूत प्रधानमंत्री बनाकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में भेजें, ताकि वे देशहित और आपके हितों में निर्णय ले सकें। इससे पहले मुख्यमंत्री को लड्डुओं से तौलकर और फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया।

---

**प्रदर्शन** | मलिन बस्तियों को हक देने की मांग को लेकर लोगों का हुजूम सड़कों पर उतरा

# मालिकाना हक देने के लिए कांग्रेस ने नगर निगम किया कूच

**देहरादून। एजेंसी**

मलिन बस्तियों को मालिकाना हक देने की मांग को लेकर बुधवार को मलिन बस्ती के लोगों का हुजूम सड़कों पर उतर आया। कांग्रेस मुख्यालय से प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं उत्तराखंड मलिन बस्ती विकास परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना और महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डा. जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में नगर निगम के लिए कूच किया। नारेबाजी करते हुए राजपुर रोड से दर्शनलाल चौक होकर नगर निगम पहुंचे, जहां जमकर प्रदर्शन किया और सभा भी हुई।

- नगर आयुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री भेजा ज्ञापन, 30 जून तक हल नहीं निकाला तो मुख्यमंत्री आवास करेंगे कूच



सभा के दौरान सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि जब-जब प्रदेश या स्थानीय निकायों में भाजपा की सरकार बनती है तब-तब गरीबों पर आफत आती है। 2012 में राज्य में कांग्रेस सरकार बनी तो मलिन बस्तियों को मालिकाना हक देने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत ने एक समिति बनाई और उस समिति की रिपोर्ट की संस्तुति पर नियम कानून बनाए व लोगों को मालिकाना हक देने की प्रक्रिया शुरू की किंतु 2017 में राज्य में भाजपा सरकार बनी तो उसने इस प्रक्रिया को रोक दिया और वर्ष 2018 में एक पीआईएल पर उच्च न्यायालय के एक आदेश की आड़ लेकर राज्य भर में मलिन बस्तियों को उजाड़ने की साजिश शुरू कर दी।

**सरकार को दी एक माह की मोहलत, आंदोलन की चेतावनी**

धस्माना ने कहा कि अगर सरकार ने 30 जून तक मलिन बस्तियों के मालिकाना हक के मामले में निर्णय नहीं लिया तो उत्तराखंड मलिन बस्ती विकास परिषद राज्यव्यापी आंदोलन करेगा। विधानसभा और मुख्यमंत्री आवास कूच भी करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के इशारे पर आज के कार्यक्रम को फेल करने के लिए विभिन्न थानों की पुलिस ने अपने क्षेत्र की मलिन बस्ती के लोगों को रैली में न जाने को कहा। यही नहीं, 24 घंटे पूर्व कार्यक्रम की सूचना जिलाधिकारी को लिखित में देने के बावजूद सुबह तक कार्यक्रम की लिखित अनुमति नहीं दी गई और पुलिस अधिकारी कूच निकालने पर मुकदमा कायम करने की धमकी देते रहे।

# इजराइली अधिकारियों ने समाचार एजेंसी 'एपी' के उपकरण जब्त किए

**यरूशलम। एजेंसी**

इजराइली अधिकारियों ने मंगलवार को अल जजीरा को तस्वीरें देने के आरोप में दक्षिणी इजराइल में द एसोसिएटेड प्रेस (एपी) का एक कैमरा और प्रसारण उपकरण नए मीडिया कानून के उल्लंघन करने तहत जब्त कर लिया। एपी ने इजराइल के इस कदम की निंदा की है। कतर के सेटलाइट चैनल उन हजारों ग्राहकों में से एक है जो एपी और अन्य समाचार संस्थानों से लाइव वीडियो प्राप्त करते हैं।



समाचार संस्थान में कॉर्पोरेट संचार मामलों के उपाध्यक्ष लॉरेन ईस्टन ने कहा, एसोसिएटेड प्रेस गाजा से संबंधित दृश्य दिखाने वाले हमारे लंबे समय से चले आ रहे लाइव फीड को बंद करने और एपी के उपकरण जब्त करने की इजराइल सरकार की कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा करता है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई साक्ष्य पर आधारित नहीं थी, बल्कि यह देश के नए विदेशी प्रसारण कानून का इजराइली सरकार द्वारा दुरुपयोग किए जाने के कारण की गई। ईस्टन ने कहा, हम इजराइली अधिकारियों से हमारे उपकरण वापस करने और हमें सीधा प्रसारण करने देने का अनुरोध करते हैं ताकि हम दुनिया भर के हजारों मीडिया संस्थानों को महत्वपूर्ण फुटेज प्रदान करना जारी रख सकें। इजराइल के संचार मंत्रालय के अधिकारी मंगलवार दोपहर दक्षिणी शहर सदेरोत में उस जगह पर पहुंचे जहां एपी की टीम मौजूद थी। उन्होंने समाचार प्रतिष्ठान के उपकरण जब्त कर लिए। उन्होंने एपी को संचार मंत्री श्लोमो करही द्वारा हस्ताक्षरित दस्तावेज सौंपा, जिसमें आरोप लगाया गया कि यह देश के विदेशी प्रसारण कानून का उल्लंघन है।

## एक नजर

### सुमित, मरियप्पन ने स्वर्ण जीता; भारत पदक तालिका में तीसरे स्थान पर



**कोबे।** भारत के सुमित अंतिल ने जापान के कोबे में विश्व पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में पुरुषों की एफ64 भाला फेंक स्पर्धा में 69.50 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। दूसरी ओर, मरियप्पन थंगावेलु ने पुरुषों की ऊंची कूद टी63 फाइनल में 1.88 मीटर से अधिक की दूरी पार करके चैंपियनशिप रिकॉर्ड तोड़ दिया और भारत के लिए टूर्नामेंट का चौथा स्वर्ण जीता। अक्टूबर 2023 में 73.29 मीटर के विश्व रिकॉर्ड प्रयास के साथ हांग्जो एशियाई पैरा गेम्स भाला फेंक एफ64 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के बाद अंतिल पुरुषों की भाला (एफ64) में वर्तमान विश्व रिकॉर्ड धारक हैं।

### मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंची पीवी सिंधु

**कुआलालंपुर।** ब्रेक से वापसी करते हुए, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधु ने मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूनामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। सिंधु ने बुधवार को महिला एकल के पहले दौर में स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिल्मर पर सीधे गेम में जीत दर्ज की। दुनिया की 15वें नंबर की सिंधु, जिन्होंने उबेर कप और थाईलैंड ओपन में भाग नहीं लिया था, ने 46 मिनट तक चले शुरूआती दौर के मैच में 22वें स्थान पर मौजूद गिल्मर पर 21-17, 21-16 से जीत दर्ज की। सिंधु की राष्ट्रमंडल खेलों में दो बार की पदक विजेता गिल्मर पर यह तीसरी जीत थी। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय, जिन्होंने आखिरी बार 2022 सिंगापुर ओपन में खिताब जीता था।

### गुरुवार से शुरू होगा अंडर-16 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक व डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता ने बुधवार को बताया कि यूपीसीए की ओर से अंडर-16 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन गुरुवार 23 मई से प्रारंभ होगा। 4 दिवसीय टूर्नामेंट में रामपुर, संभल, अमरोहा व मुरादाबाद की टीमें खेलेंगी। टूर्नामेंट का आयोजन मुरादाबाद के आईएफटीएम यूनिवर्सिटी के ग्राउंड पर किया जाएगा। विजय गुप्ता ने आगे बताया कि टूर्नामेंट के दौरान यूपीसीए की ओर से चयनकर्ता आकर खिलाड़ियों का चयन करेंगे। इस टूर्नामेंट से चुने गए खिलाड़ियों को जोन की टीम में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यूपीसीए ने अली मुतर्जा को चयनकर्ता, अमित वर्मा व राहुल सिंह को अंपायर नियुक्त किया है।

### विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिपः सचिन खिलारी ने शॉट पुट एफ46 वर्ग में जीता स्वर्ण



**कोबे।** भारत के सचिन सरजेराव खिलारी ने बुधवार को यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में एशियाई रिकॉर्ड के साथ पुरुषों के शॉट पुट एफ46 वर्ग में अपने स्वर्ण पदक का बचाव किया। सचिन ने टूनामेंट के पिछले संस्करण में भी स्वर्ण जीता था। सचिन ने पिछले साल पेरिस में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान बनाए गए 16.21 मीटर के अपने एशियाई रिकॉर्ड को बेहतर करते हुए लोहे की गेंद को 16.30 मीटर की दूरी तक फेंका। भारत के पास अब 11 पदक हैं, जिनमें से पांच स्वर्ण हैं। इसी के साथ भारत ने पेरिस में 2023 संस्करण में अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ 10 (3 स्वर्ण, 4 रजत और 3 कांस्य) को पीछे छोड़ दिया। अभी प्रतियोगिता के तीन दिन बाकी हैं और भारत के पास स्वर्ण सहित कुछ और पदक जीतने का मौका है। इससे पहले मंगलवार को मौजूदा पैरालिंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने अपने एफ64 भाला फेंक विश्व खिताब का बचाव किया था, जबकि थंगावेलु मरियप्पन और एकता भयान ने भी अपने-अपने स्पधाओं में स्वर्ण पदक जीते, जिससे भारत पदक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया।

## तृतीय जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का समापन

# बालक वर्ग में ग्रीन मीडोज स्कूल बालिका वर्ग में पीएमएस अव्वल

- 150 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग
- योग को योगासन स्पोर्ट्स के रूप में प्रोत्साहित के लिए किया गया आयोजनः खिलेंद्र



**मुरादाबाद। एजेंसी**

तृतीय जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ। तीन दिवसीय तृतीय योगासन खेल प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ 20 मई को नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर मुरादाबाद में हुआ था। जिसमें जिले के लगभग सभी विद्यालयों से 150 योगासन खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष खिलेंद्र सिंह व सचिव योगाचार्य महेंद्र सिंह विश्नोई ने बताया कि योग को योगासन स्पोर्ट्स के रूप में प्रोत्साहित करने हेतु जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद द्वारा तृतीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

प्रतियोगिता में मिनी ऐज ग्रुप गर्ल्स व बॉयज एवं सब जूनियर गर्ल्स व बायज ऐज ग्रुप के जूनियर व सीनियर ऐज ग्रुप के खिलाड़ी रहे जिसमें ट्रेडिशनल योगासन, आर्टिस्टिक योगासन, रिदमिक योगासन इवेंट हुए। जिसमें बुधवार को विजेता टीम बालक वर्ग में प्रथम स्थान ग्रीन मीडोज स्कूल, द्वितीय स्थान आरएसडी स्कूल व सयुंक्त रूप से तृतीय स्थान सेंट मीरा अकैडमी, क्रॅपटन पब्लिक स्कूल का रहा तथा बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पीएमएस स्कूल, द्वितीय स्थान ग्रीन मीडोज स्कूल, तृतीय स्थान सयुंक्त रूप से आरआरके स्कूल, सेंट मैरी सिविल लाइन स्कूल रहे। खेल प्रतियोगिता में जिले में मेडल प्राप्त खिलाड़ी राज्य स्तर प्रतियोगिता के लिए चयनित होंगे और राज्य स्तर मैडल प्राप्त खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होंगे प्रतियोगिता समापन में मुख्य अतिथि प्रिया अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि अनुज अग्रवाल, अजीत अग्रवाल, रजत प्रभाकर, धवल दीक्षित, अमित गर्ग, अनिल सिक्का आदि ने बच्चों को मैडल पहनाकर प्रमाण पत्र दिए। प्रतियोगिता आयोजन में अमित गर्ग, देवेंद्र जौहरी, जयपाल सिंह, अमित तोमर, शुभम विश्नोई सचिन नेनवाल, देवेंद्र राणा, विपिन जखमोला आदि का योगदान रहा।

## थाईलैंड ओपन जीत के बाद शीर्ष पर पहुंचे सात्विक-चिराग



**नई दिल्ली। एजेंसी**

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने मंगलवार को थाईलैंड ओपन में अपनी जीत के बाद पुरुष युगल विश्व रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल कर लिया। ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दूसरे दौर में हार के बाद भारतीय जोड़ी तीसरे नंबर पर खिसक गई थी और फिर सात्विक की चोट के कारण चीन में एशिया चैंपियनशिप में विपक्षी टीम को वॉकओवर दे दिया गया था। उन्होंने रविवार को थाईलैंड ओपन में जोरदार वापसी करते हुए चीन के चेन बो यांग और लियू यी पर सीधे गेम में जीत के साथ सीजन का अपना दूसरा खिताब जीता। मंगलवार को जारी बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में, वे 99670 अंकों के साथ दो पायदान चढ़कर पांच सप्ताह के बाद फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंच गए।

डबल ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु महिला एकल रैंकिंग में एक स्थान गिरकर 15वें नंबर पर आ गईं, जबकि एचएस प्रणय ने अपनी नंबर 9 रैंकिंग बरकरार रखी और पुरुष एकल के शीर्ष -10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। लक्ष्य सेन तीन स्थान गिरकर 14वें नंबर पर खिसक गए। किदांबी श्रीकांत (26वें), प्रियांशु राजावत (33वें) एक-एक स्थान नीचे खिसक गए, जबकि किरण जॉर्ज 36वें नंबर पर खिसक गए। महिला युगल में तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा 19वें नंबर पर सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली भारतीय हैं।

## तीरंदाजी विश्व कप चरण 2: महिला टीम फाइनल में, पुरुष कांस्य पदक से चूके



**येचियोन। एजेंसी**

दुनिया की नंबर एक भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम बुधवार को यहां विश्व कप चरण 2 के फाइनल में पहुंच गई। हालांकि विश्व की नंबर 1 पुरुष कंपाउंड टीम, उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी और कांस्य पदक से चूक गई। ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी की महिला तिकड़ी, जिन्होंने पिछले महीने शंघाई स्टेज 1 चरण में स्वर्ण पदक जीता था, ने सेमीफाइनल में विश्व के चौथे नंबर की टीम यूएसए को 233-229 से हराया। भारतीय टीम अब शनिवार को स्वर्ण पदक मुकाबले में दुनिया में सातवें नंबर पर काबिज तुर्की से भिड़ेगी। दूसरे सेमीफाइनल में तुर्की ने शीर्ष वरीय और स्थानीय प्रबल दावेदार दक्षिण कोरिया को 234-233 से हराया। भारतीय महिला टीम के लिए यह कुल मिलाकर आसान सफर था, जिसे क्वालीफाइंग दौर में दूसरे स्थान पर रहने के बाद अंतिम 16 में बाई मिली थी।

उन्होंने अंतिम आठ में इटली को 236-234 से हराया था। प्रियांश, प्रथमेश फुगे और अनुभवी अभिषेक वर्मा की पुरुष टीम, जो मंगलवार को क्वालीफाइंग दौर में चौथे स्थान पर खिसक गई थी, शूट-ऑफ में निचली रैंकिंग वाली ऑस्ट्रेलिया से 133-133 (10-10*) से हार गई। ऑस्ट्रेलियाई टीम, जो विश्व रैंकिंग में 21वें स्थान पर है, ने 59 के स्कोर से शुरूआत करके भारतीय तिकड़ी को आश्चर्यचकित कर दिया और भारत के मुकाबले केवल एक अंक कम हासिल किया।

बेली वाइल्डमैन, ब्रैंडन हावेस और जोनाथन मिल्ने की ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और दूसरे राउंड के बाद एक अंक की कमी पर काबू पा लिया, जिससे नियमन चार समाप्त होने के बाद स्कोर 233 हो गया।

## टेनिस ब्रांड एंबेसडर के रूप में सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क से जुड़ी रहेंगी सानिया




**मुंबई। एजेंसी**

भारतीय दिग्गज खिलाड़ी सानिया मिर्जा प्रमुख खेल प्रसारक-सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ टेनिस ब्रांड एंबेसडर के रूप में जुड़ी रहेंगी। सानिया सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के प्रमुख स्टूडियो शो-एक्स्ट्रा सर्व- में एक्सपर्ट पैनलिस्ट के रूप में रोलां गैरों के लाइव कवरेज के दौरान दिखाई देंगी। सानिया इतिहास की सबसे सफल भारतीय टेनिस खिलाड़ियों में से एक हैं। इनके नाम छह ग्रैंड स्लैम खिताब हैं। उन्हें भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार, मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार, पद्म श्री और पद्म भूषण से सम्मानित किया जा चुका है। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर रोलां गैरों के लिए अपनी एक्सपर्ट राय और गहन विश्लेषण साझा करती नजर आएंगी। सानिया के साथ, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क में ओलंपियन और भारत के पूर्व नंबर-1 और एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सोमदेव देववर्मन और डेविस कप खिलाड़ी पूरव राजा रोलां गैरों के एक्सपर्ट पैनल में शामिल होंगे। टेनिस में सबसे कठिन सतह पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट का 26 मई 2024 को सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर चार भाषाओं अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में प्रसारण किया जाएगा।

### रोलां गैरों का यह 128वां संस्करण होगा

**सबसे कठिन ग्रैंड स्लैम के रूप में माना जाने वाले रोलां गैरों का यह 128वां संस्करण होगा, जिसमें दुनिया के बेहतरीन टेनिस खिलाड़ी क्ले सीजन के लिए तैयार होंगे। राफेल नडाल, जिन्हें 'क्ले के राजा' के रूप में जाना जाता है, ने रिकॉर्ड 14 बार रोलां गैरों चैंपियन का ताज जीता है। स्पेनिश दिग्गज चोट के कारण पिछली बार चूक गए थे और लंबे अंतराल के बाद गौरव हासिल करने की कोशिश करेंगे।**

## स्ट्राइकर्स ने घोषित की टीम आकाश और प्रियंका हैं मार्की खिलाड़ी



**कोलकाता। एजेंसी**

ईडेन गार्डेन में 11 जून से शुरू हो रहे बंगाल प्रो टी 20 लीग के लिए सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने पूरी तरह से कमर कस ली है। फ्रेंचाइजी ने कोलकाता में बुधवार को अपनी 16 सदस्यीय महिला और पुरुष टीम घोषित की। सिलीगुड़ी की टीम में 18 वर्षीय युद्धजीत गुहा से लेकर अनुभवी 40 वर्षीय राजकुमार पाल तक शामिल हैं। वहीं महिला टीम में भी युवा और अनुभव का बेहतरीन मिश्रण है। टीम के साथ ही सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने अपने कोचिंग स्टाफ की भी घोषणा कर दी है। जिसमें पुरुष टीम के लिए सौराशीष लाहिरी हेड कोच और संजीब कुमार गोयल सहयोगी कोच होंगे। वहीं महिला टीम की हेड कोच अर्पिता घोष होंगी, जबकि सहायक कोच की भूमिका में पामेला धर होंगी। टीम को लेकर सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के मालिक ऋषभ भाटिया ने एक आधिकारिक बयान में कहा,"पुरुष और महिला दोनो ही फॉर्मेट में हमने युवा और अनुभव का जो संतुलन बनाया है वो निश्चित तौर पर बंगाल प्रो टी 20 लीग के उद्धघाटन सत्र में एक अमिट छाप छोड़ेगा।

हमारी टीमें अनुभव और ऊर्जा का एक बेहतरीन मिश्रण हैं। हमारा लक्ष्य सिर्फ सिलीगुड़ी तक ही नहीं बल्कि सभी क्रिकेट प्रेमियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाला क्रिकेट परोसना है। और हमें विश्वास है कि हमारी टीमें इसमें खरी उतरेंगी। पिछले हफ्ते सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने पुरुष और महिला टीमों के लिए क्रमशः आकाश दीप और प्रियंका बाला को अपना मुख्य खिलाड़ी घोषित किया था। भारतीय टीम के टेस्ट कैप होल्डर 27 वर्षीय आकाश दीप आईपीएल 2024 में आरसीबी के लिए खेल चुके हैं तो वहीं प्रियंका डब्ल्यूपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस का हिस्सा थीं। सवोर्टेक पावर सिस्टम्स की टीम सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स सिलीगुड़ी, दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, कूच बिहार, अलीपुरद्वार और कलिम्पोंग का प्रतिनिधित्व कर रही है।

### स्पेन की स्टार फुटबॉलर एलेक्सिया पुटेलस ने बार्सिलोना के साथ नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए



**मैड्रिड।** स्टार स्पेनिश महिला फुटबॉलर एलेक्सिया पुटेलस ने जून 2026 तक एफ सी बार्सिलोना के साथ एक नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें एक और वर्ष के लिए विस्तार का विकल्प भी शामिल है। क्लब ने मंगलवार को उक्त जानकारी दी। बार्सिलोना के लिए 424 मैचों में 189 गोल करने और स्पेन की राष्ट्रीय महिला टीम के लिए 114 मैचों में 30 गोल करने के बाद 30 वर्षीय पुटेलस को सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलरों में से एक माना जाता है। उनके प्रदर्शन को वैश्विक स्तर पर तब पहचान मिली जब उन्हें 2021 और 2022 में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में बैलन डी'ओर से सम्मानित किया गया। घुटने की चोट के कारण 2023 में पुटेलस की उपस्थिति सीमित हो गई और उन्होंने महिला विश्व कप में स्पेन की जीत में केवल एक छोटी भूमिका निभाई और लीगा एफ में केवल आठ मैच खेले। पिछले शनिवार को कोपा डे ला रीना के फाइनल में जब बार्सिलोना ने रियल सोसिदाद को 8-0 से हराया।

## वाणिज्य



## पेटीएम का चौथी तिमाही में घाटा बढ़कर हुआ 550 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली। एजेंसी**

पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस ने वित्त वर्ष 2023-24 की (जनवरी-मार्च) चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च को समाप्त चौथी तिमाही में वन 97 कम्युनिकेशंस का घाटा बढ़कर 550 करोड़ रुपये हो गया है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में फिनटेक कंपनी को 167.5 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। वन 97 कम्युनिकेशंस ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 2.8 फीसदी घटकर 2,267.1 करोड़ रुपये हो गई। इससे पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में यह 2,464.6 करोड़ रुपये थी। इस दौरान परिचालन से समेकित राजस्व साल-दर-साल 2.9 फीसदी गिरकर 2,334.5 करोड़ रुपये से 2,267.1 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का क्रमिक रूप से राजस्व 2,850.5 करोड़ रुपये से 20.5 फीसदी गिर गया।

इसके अलावा फिनटेक कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस का पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में घाटा कम होकर 1,422.4 करोड़ रुपये रह गया, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 1,776.5 करोड़ रुपये था। पेटीएम का वार्षिक राजस्व करीब 25 फीसदी बढ़कर 9,978 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 7,990.3 करोड़ रुपये रहा था। दपेटीएम ने पीपीबीएल पर आरबीआई के प्रतिबंध से 300-500 करोड़ रुपये के नुकसान होने का अनुमान लगाया था। उल्लेखनीय है कि वन 97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व है।

## कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव रिकवरी के मोड़ में सेंसेक्स और निफ्टी



**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव होता नजर आ रहा है। कारोबार की शुरूआत बढ़त के साथ हुई थी। लेकिन बाजार खुलने के बाद से ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच लगातार खींचतान की स्थिति बनी हुई है, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल भी ऊपर नीचे हो रही है। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.19 प्रतिशत और निफ्टी 0.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से कोल इंडिया, हिंदुस्तान युनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, ब्रिटानिया और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर 2.73 प्रतिशत से लेकर 1.23 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, सन फार्मास्युटिकल्स, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, हीरो मोटोकॉर्प और श्रीराम फाइनेंस के शेयर 1.55 प्रतिशत से लेकर 1.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,125 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी।

इनमें से 955 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,170 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 19 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 22 शेयर हरे निशान में और 28 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 212.21 अंक की मजबूती के साथ 74,165.52 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के बाद से ही लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में लगातार उतार-चढ़ाव होने लगा। बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक गिर कर लाल निशान में 73,860.33 अंक तक पहुंचा।

### कच्चा तेल 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब



**नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 83 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इस सप्ताह के तीसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.57 डॉलर यानी 0.71 फीसदी की गिरावट के साथ 82.29 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.54 डॉलर यानी 0.68 फीसदी लुढ़ककर 79.26 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।**

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशियाई बाजारों में तेजी का रुख



**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद बंद हुए थे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। दूसरी ओर, यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। एशियाई बाजारों में आमतौर पर बढ़त के साथ कारोबार हो रहा है।

पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में उत्साह नजर आया, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 5,321.41 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.22 प्रतिशत उछल कर 16,832.62 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल 0.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 39,897.77 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान बिकवाली होती रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.09 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,416.45 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.67 प्रतिशत टूट कर 8,141.46 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,726.76 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर बढ़त की स्थिति बनी हुई है। एशिया के 9 बाजारों में से 6 के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

हलमा टीम से मिली प्रेरणा

## शालीमार विस्तार टावर 3 के निवासियों ने जल संरक्षण के लिए चलाई मुहीम

- **आरओ के वेस्ट पानी को बचाने के लिए सभी फ्लैट्स में लगा रहे हैं 20 लीटर की कैन।**



**चमकता राजस्थान। अलवर!(खलील कुरैशी) 22 मई।** अलवर शहर की सबसे बड़ी आवासीय कॉलोनी शालीमार विस्तार के टावर तीन के निवासियों ने पानी बचाने की दिशा में अनूठी पहल की है। गर्मियों में जब पूरे शहर में पानी की किल्लत से त्राहि-त्राहि मची हुई है ऐसे में पानी को बचाने की आवश्यकता पूरे शहर में महसूस की जा रही है। इस दिशा में सकारात्मक पहल करते हुए शालीमार विस्तार के टावर तीन के अध्यक्ष अशोक जैन और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन साउथ ज़ोन के अध्यक्ष राजेश शर्मा के नेतृत्व में टावर के निवासी व्यवसायी गौरव गुप्ता और डॉ. दीपक चंदवानी ने टावर के निवासियों से घर-घर जाकर संपर्क किया और सभी को अपने-अपने आर ओ सिस्टम से होने वाले वेस्ट पानी को बचाने की अपील की और इस समस्या के समाधान के लिए आर ओ के नीचे 20 लीटर की बोतल लगाकर नाली में व्यर्थ ही बह जाने वाले पानी को बचाने के लिए विशेष प्रयास किया।

हलमा टीम के सदस्य डॉ दीपक चंदवानी ने बताया कि वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी हेमन्त जैमन के नेतृत्व में हलमा टीम द्वारा अलवर जिले में जल संरक्षण को लेकर जो मुहिम चलाई जा रही है। उनकी इस पहल से प्रेरित होकर लगभग 50 फ्लैट्स के निवासियों ने अपने घरों में आर ओ के वेस्ट पानी को बचाने के लिए 20 लीटर की बॉटल्स लगा ली हैं। टावर निवासी सत्येंद्र विजय ने इसे एक अनूठी और महत्त्वपूर्ण पहल बताया और जल संरक्षण की दिशा में सभी को आगे आने के लिए अपील की। एक अन्य निवासी मनोज सिंहल ने कहा कि वेस्ट पानी से पौछे लगाने, बर्तन धोने, पेड़ों में डालने जैसे अनेक कार्य किए जा सकते हैं जिसमें हजारों लीटर स्वच्छ पानी का उपयोग होता है। इस अवसर पर हितेश गोयल, कुसुम लता सोनी, रमेश चंद गुप्ता, नरेंद्र शर्मा, संध्या गुप्ता, सोनाली गुप्ता, तरुण यादव, प्रदीप माथुर, सत्यप्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## राजस्थान में बना अपराध का गढ़, दलित,महिलाएं ,बालिकाएं और मूकबधिर तक सुरक्षित नहीं हैं: टीकाराम जूली

**चमकता राजस्थान। अलवर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश की पर्ची वाली सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि राजस्थान को रेपिस्ट बताने वाले भारतीय जनता पार्टी के नेता अब कौनसे कोपभवन में चले गए हैं। प्रदेश में दलित, महिला, बालिकाएं यहां तक की मूकबधिर तक सुरक्षित नहीं हैउन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार बताने वाले भारतीय जनता पार्टी के नुमाइंदे अपनी गिरेबा में झांककर देखे की प्रदेश में किस कदर जंगल राज हावी हो गया है।जूली बोले राजस्थान में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है,यहां दरिंदों की दरिंदगी से पूरा प्रदेश सहमा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हालात इस कदर बिगड़ गए हैं कि मूकबधिर नाबालिक बालिका से रेप करने के बाद उसे पेट्रोल से जिंदा जला दिया गया।आखिर 11 दिन बाद हिंडौन की इस बेटी की जिंदगी की डोर टूट गई। उन्होंने कहा कि रोंगटे खड़े कर देने वाली इस घटना पर राजस्थान सरकार के नेता जहां चुप्पी साधे बैठे हैं वहीं पुलिस ऐसे दरिंदों को गिरफ्तार करना तो दूर पीड़िता की रिपोर्ट तक दर्ज नहीं कर रही। उन्होंने बताया कि धौलपुर के राजाखेड़ा में 3 वर्षीय बालिका को चंबल नदी में जलदाह (हत्या) कर दिया गया और यह घटना चौकी से मात्र 200 मीटर दूरी पर घटित हुई। उन्होंने कहा कि पर्ची की सरकार के इस राज में झुंझुनू में दलित युवक की पीट पीट कर हत्या कर दी गई।उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार की आंखों में थोड़ा भी शर्म का पानी बचा है तो पीड़ित परिवार की मदद कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो ऐसा अपराधियों में भय व्याप्त करें।




# समर कंटीन्जेंसी के तहत स्वीकृत कार्यों को 31 मई तक पूरा करें: डॉ समीत शर्मा

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 22 मई।जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने कहा समर कंटीन्जेंसी के तहत स्वीकृत कार्य सहित अन्य आकस्मिक कार्यों को 31 मई तक पूर्ण करें जिससे राज्य सरकार के निर्देशानुसार इन कार्यों का लाभ ग्रीष्म ऋतु में आमजन को मिल सके एवं उन्हें किसी भी तरह की पेयजल की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। डॉ. समित शर्मा बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य अभियंता सहित अधीक्षण अभियंताओं के साथ समर कंटीन्जेंसी कार्य एवं जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।उन्होंने कहा कि समर कंटीन्जेंसीज के तहत स्वीकृत कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी एवं यह कार्य गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन जिलों की प्रगति कम है उन्हें 31 मई तक हर-हालात में यह कार्य पूर्ण करना है, अगर इस अवधि के उपरांत यह कार्य पूर्ण नहीं किए जाते हैं तो ऐसे अधीक्षण अभियंताओं के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था हेतु नलकूप निर्माण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए साथ ही इन नलकूपों को 31 मई तक स्थापित कर दिया जाए जिससे आमजन को ग्रीष्म ऋतु में पेयजल उपलब्ध हो सके।



### अवैध कनेक्शन के विरुद्ध हो प्रभावी कार्यवाही

» शासन सचिव ने कहा कि राइजिंग मेन लाइन से जिन व्यक्तियों द्वारा अवैध कनेक्शन ले रखे हैं उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जाए साथ ही अवैध कनेक्शन की वजह से जो वाटर सप्लाई बाधित हो रही है उन्हें हटाने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए जिससे अंतिम छोर पर रहने वाले व्यक्ति को भी पानी मिल सके। उन्होंने कहा की एंटी सोशल एक्टिविटीज एवं विभागीय नीति के विरुद्ध कार्य करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। ग्रीष्म काल में पेयजल से संबंधित जो भी कार्य किया जा रहे हैं उनका धरातल पर अधिकारियों द्वारा निगरानी एवं पर्यवेक्षण किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि यह कार्य गुणवत्तापूर्ण हो रहे हैं।

- **टैंकर्स पर जीपीएस का हो उपयोग**

शासन सचिव ने कहा कि टैंकर्स के माध्यम से जो प्रतिदिन पेयजल की सप्लाई की जा रही है उसकी अच्छी तरह से मॉनिटरिंग की जाए साथ में इसमें किसी भी तरह के भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। टैंकर्स पर जीपीएस लगा होना चाहिए एवं ओटीपी आधारित प्रक्रिया से पेयजल की आपूर्ति करें ,साथ ही इनका ग्राउंड लेवल पर अच्छी तरह से मॉनिटरिंग की जाए।उन्होंने कहा कि किसी कारण से अभी तक जो खुदे हुए नलकूप एवं हेड पंप चालू नहीं हो पाए हैं उन्हें चालू करवाने के लिए आवश्यक कार्य की जाए। उन्होंने हैण्ड पंप निर्माण की स्थिति की प्रगति के बारे में जानकारी लेकर संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए शासन सचिव ने कहा कि नियंत्रण कक्ष पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का नियत समय पर समाधान किया जाए साथ ही ग्रीष्म ऋतु के दौरान जल शुद्धिकरण एवं पेयजल के गुणवत्ता की प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बिजली कनेक्शन के कारण जो नलकूप अभी तक चालू नहीं हुए हैं उन्हें चालू करवाने के लिए विद्युत विभाग एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों से समन्वय कर दिनांक 25 मई तक चालू कराया जाए।
शासन सचिव ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप जल जीवन मिशन के तहत कार्य शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से कराए जाएं। योजना में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन जिलों द्वारा अभी तक जिओ टैगिंग नहीं की गई है वे यह कार्य किया जाना सुनिश्चित करें साथ ही घरेलू जल कनेक्शन में जो जिले पिछड़े हुए हैं उनमें वृद्धि की जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत निम्न प्रगति वाले जिलों को आगामी वीडियो कॉन्फ्रेंस से पूर्व सुधार करने के निर्देश दिए। एमनेस्टी योजना के तहत जिन जिलों में बकाया राजस्व वसूली की प्रगति कम है उन्हें विशेष कार्य योजना बनाकर वसूली करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से आ''ान किया कि सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ लगाई जाए और वहां पर पेयजल की व्यवस्था यथा संभव जलदाय विभाग द्वारा की जाए।वीडियो कॉन्फ्रेंस में जल जीवन मिशन के निदेशक बचनेश अग्रवाल, संयुक्त शासन सचिव प्रवीण लेखरा, उप शासन सचिव शंकर लाल सैनी, मुख्य अभियंता (प्रशासन) मुकेश गोयल, मुख्य अभियंता (ग्रामीण) के.डी गुप्ता, मुख्य अभियंता (शहरी) राकेश लुहाड़िया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रताप गौरव केन्द्र - राष्ट्रप्रेम के रंगों से सजेगा महाराणा प्रताप जयंती महोत्सव

चमकता राजस्थान




उदयपुर। प्रताप गौरव केन्द्र 'राष्ट्रीय तीर्थ' में प्रातःस्मरणीय वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती ज्येष्ठ शुक्ला तृतीया पर 9 जून को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत आयोजनों के साथ मनाई जाएगी। इस वर्ष जयंती पर चार दिवसीय आयोजन होंगे जो 6 जून से शुरू होंगे। इस बार के आयोजनों में विभिन्न विषयों की पांच कार्यशालाओं सहित राष्ट्र सभा, कवि सम्मेलन भी शामिल होंगे।

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति के अध्यक्ष डॉ. बीपी शर्मा ने बुधवार को प्रेसवार्ता में बताया कि जयंती की पूर्व संध्या पर 8 जून को शाम साढ़े पांच बजे जयंती समारोह का उद्घाटन कार्यक्रम होगा। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम में मुख्य आतिथ्य के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को आग्रह पत्र भेजा गया है। 9 जून को जयंती पर आयोजनों का आरंभ महाराणा प्रताप की विशाल बैठक प्रतिमा के दुग्धाभिषेक से होगा। दस बजे से शाम तक विभिन्न कार्यशालाओं की विशेष मास्टर कक्षाएं चलेंगी। शाम साढ़े पांच बजे विशाल सभा होगी जिसमें उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी मुख्य अतिथि होंगी। कार्यक्रम में ओजस्वी संतों का आशीर्वचन प्राप्त होगा।

समिति के मंत्री महावीर चपलोत ने बताया कि 8 जून को रात्रि 8.30 बजे स्टोरी टेलिंग कार्यक्रम होगा जिसमें जाने-माने रंगकर्मी विलास जानवे, मनीष शर्मा प्रस्तुति देंगे। अगले दिन 9 जून रात्रि 8 बजे वीर रस कवि सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें काव्य जगत के हस्ताक्षर हरिओम सिंह पंवार, राम भदावर, अशोक चारण, सुदीप भोला, अजातशत्रु, किशोर पारीक आदि अपनी ओजस्वी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

प्रताप गौरव केन्द्र के निदेशक अनुराग सक्सेना ने बताया कि 6 जून से 8 जून तक पांच कार्यशालाएं होंगी। इनमें चित्रकला, प्राचीन लिपि-भाषा पठन, स्टोरी टेलिंग, शॉर्ट फिल्म मेकिंग और 'कम्युनिकेशन स्किल-पर्सनल डवलपमेंट-लाइफ स्किल' विषय शामिल किए गए हैं। इन कार्यशालाओं में जाने-माने हस्ताक्षर प्रशिक्षण देंगे। चित्रकला को छोड़कर अन्य चारों कार्यशालाएं प्रतिदिन तीन घंटे की रहेगी। दो विषयों की कार्यशाला सुबह 9 से 12 बजे के सत्र में तथा दो विषयों की कार्यशाला दोपहर 2 से 5 बजे के सत्र में रहेगी। चित्रकला की कार्यशाला पूरे दिन की रखी गई है। 9 जून को इन सभी कार्यशालाओं की मास्टर क्लास होगी जिनमें जानी-मानी सेलिब्रिटीज प्रतिभागियों को विषय की बारीकियों से अवगत कराएंगी। इन कार्यशालाओं में भाग लेने के लिए प्रतिभागी 10वीं उत्तीर्ण या 15 वर्ष की आयु का होना चाहिए। कार्यशालाएं निःशुल्क रहेंगी और पंजीकरण ऑनलाइन कराना होगा जो 23 मई से शुरू हो जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी दो विषयों की कार्यशाला में ही भाग ले सकेंगे।

सक्सेना ने बताया कि महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर प्रताप गौरव केन्द्र की आकर्षक सज्जा भी की जाएगी और यहां आने वाले दर्शकों को दो दिन 8 व 9 जून को शुल्क में भी छूट प्रदान की जाएगी। दो दिन शुल्क 50 रुपये ही रहेगा। शाम के आयोजनों के कारण दोनों दिन वाटर लेजर शो स्थगित रहेगा। सभी आयोजनों में प्रवेश निशुल्क रहेगा।

## जयपुर शहर एवं जयपुर ग्रामीण में पेयजल समस्याओं के निस्तारण के लिए आमजन नियंत्रण कक्ष में कर सकते हैं शिकायत

**चमकता राजस्थान/जयपुर, (खलील कुरैशी) 22 मई।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता (द्वितीय) अमिताभ शर्मा ने बताया कि जयपुर एव जयपुर ग्रामीण जिले में ग्रीष्म ऋतु के दौरान आमजन को पेयजल संबंधी समस्या के त्वरित निस्तारण हेतु जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष में शिकायत कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि नियंत्रण कक्ष प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक संचालित किया जा रहा है। आमजन नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 0141- 2706624 एवं नियंत्रण कक्ष प्रभारी अधीक्षण अभियन्ता नीतू चौधरी के दूरभाष नंबर 8279100526 पर संपर्क कर सकते हैं।

## अलवर जिले में साइबर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

- **ठग गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार : फ्लिपकार्ट कंपनी को फर्जी ऑर्डर देकर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश**
- **डिलीवरी लिमिटेड कंपनी के सॉफ्टवेयर में सेंध लगाकर की थी एक करोड़ 12 लाख रुपए से अधिक की ठगी**




**चमकता राजस्थान। जयपुर/अलवर, (खलील कुरैशी 22 मई।** अलवर जिले की साइबर थाना पुलिस की टीम ने फ्लिपकार्ट कंपनी को फर्जी ऑर्डर देकर डिलीवरी लिमिटेड कंपनी के सॉफ्टवेयर में सेंध लगा एक करोड़ 12 लाख 33 हजार 900 रुपये की ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। मामले में पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों हरिओम कुमार सेन पुत्र पदमचंद (25) निवासी नांगल सुमेरसिंह थाना मंडावर जिला दौसा एवं राहुल शर्मा पुत्र नरेंद्र शर्मा (26) निवासी सुभाष नगर थाना एनईबी अलवर को गिरफ्तार किया है ।एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी हरिओम कुमार सेन व राहुल शर्मा फ्लिपकार्ट लिमिटेड कंपनी में डिलीवरी बॉय का काम करते हैं। इन्होंने ऑनलाइन ठगी के मास्टरमाइंड अपने दोस्त आशीष यादव निवासी रघुनाथपुरा तहसील बानसूर जिला कोटपूतली-बहरोड से संपर्क कर फ्लिपकार्ट कंपनी के पोर्टल से फ्रॉड करने की योजना बनाई ।इस कार्य के लिए इन्होंने अपने दो अन्य साथियों को भी शामिल कर लिया। इन सब ने मिलकर फ्लिपकार्ट पोर्टल पर करीब 1 करोड़ 12 लाख 33 हजार 900 रुपये का ऑनलाइन फ्रॉड किया। घटना की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर तत्परता से कार्रवाई करते हुए साइबर थाना पुलिस की टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया ।इस कार्रवाई में साइबर थानाधिकारी रामेश्वर लाल, हेड कांस्टेबल अजय सिंह, धर्मेंद्र कुमार, सुनील, कांस्टेबल लोकेश, रामकुमार, नरेंद्र, भगत सिंह एवं खुशीराम शामिल थे।

डिज़्नी+ हॉटस्टार के सेल्फ-सर्व प्लेटफॉर्म का वर्जन 2.0 आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले

# आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2024 के अवसर पर डिज़्नी+ हॉटस्टार ने एडवरटाईज़र्स को एक बेहतर सेल्फ-सर्व प्लेटफॉर्म पेश किया

चमकता राजस्थान

जयपुर। आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप, 2024 से ठीक पहले डिज़्नी+ हॉटस्टार अपना सेल्फ-सर्व प्लेटफॉर्म वर्ज़न 2.0 लेकर आया है। इसकी शुरुआत अगस्त 2023 में एशिया कप और आईसीसी मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप, 2023 से पहले की गई थी, जो अब अपग्रेडेड वर्ज़न में 5 भाषाओं - इंग्लिश, हिंदी, तमिल, तेलुगू और कन्नड़ में हर व्यावसायिक क्षेत्र और आकार के एडवरटाइज़र को एडवरटाइजिंग करने का सुगम व आसान अनुभव प्रदान कर रहा है।

यह बेहतर सेल्फ-सर्व प्लेटफॉर्म एडवरटाईज़र्स की विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाईन किया गया है, जो अब डिज़्नी+ हॉटस्टार पर लाईव स्पोर्ट्स और विस्तृत एंटरटेनमेंट पोर्टफोलियो, दोनों में एडवरटाईज़मेंट सपोर्ट प्रदान करेगा। इसकी मदद से छोटे और मध्यम आकार के एडवरटाईज़र भारत के अग्रणी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स में से एक, डिज़्नी+ हॉटस्टार पर अपने ग्राहकों के साथ प्रभावी तरीके से कनेक्ट हो सकेंगे।

डिज़्नी+ हॉटस्टार इंडिया के हेड, एडवरटाईज़मेंट्स, श्री ध्रुव धवन ने कहा, ''हम एडवरटाईज़र्स और एजेंसी पार्टनर्स को इनोवेटिव एड समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा बेहतर सेल्फ-सर्व प्लेटफॉर्म हमारी इस प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है, और हर आकार के एडवरटाईज़र्स को आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप, 2024 के दौरान मिलने वाले महत्वपूर्ण अवसरों का लाभ उठाने में समर्थ बनाता है। अब एडवरटाईज़र इस टूर्नामेंट के बाद भी हमारी एंटरटेनमेंट पेशकशों द्वारा ग्राहकों तक पहुँच सकेंगे, जिससे ग्राहकों के साथ उनका स्थिर संपर्क स्थापित होगा। हम एडवरटाईज़र्स और एजेंसी पार्टनर्स द्वारा अपने सेल्फ-सर्व प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं।''

- **स्पोर्ट्स और एंटरटेनमेंट कंटेंट, दोनों को सपोर्ट करेगा, और एंटरटेनमेंट 8 भाषाओं - इंग्लिश, हिंदी, तमिल,तेलुगु, मलयालम, मराठी, कन्नड़ और बंगाली में तथा स्पोर्ट्स 5 भाषाओं - इंग्लिश, हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ में उपलब्ध कराएगा, जिससे हर आकार और विस्तार के एडवरटाईज़र्स इस प्लेटफॉर्म का सबसे ज़्यादालाभ उठा सकेंगे।**

डिज़्नी+ हॉटस्टार के सेल्फ-सर्व प्लेटफॉर्म एंड-टू-एंड ऑटोमेशन और स्ट्रीमलाईंड कैम्पेन सेट-अप प्रक्रिया द्वारा एडवरटाईज़र तीन घंटे से कम समय में ही अपना कैम्पेन लॉन्च कर सकते हैं। इस प्लेटफॉर्म पर एडवरटाईज़मेंट के विभिन्न एस्सेट जैसे मिड-रोल्स, प्रि-रोल्स आदि और 1000 से ज्यादा टार्गेटेड विकल्प मिलते हैं, ताकि एडवरटाईज़र अपने ग्राहकों पर लक्ष्य केंद्रित कर सकें। इस कैम्पेन का बजट एंटरटेनमेंट के लिए केवल 50,000 रुपये में और लाईव स्पोर्ट्स के लिए 2 लाख रूपये में शुरू होता है। एडवरटाईज़र अपनी जरूरतों के मुताबिक अपने कैम्पेन को अनुकूलित कर सकते हैं, और मिड-फ्लाईट एडजस्टमेंट एवं रियल-टाईम रिपोर्टिंग का लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं।

डिज़्नी+ हॉटस्टार अपने प्लेटफॉर्म की बेहतर क्षमताओं की मदद से पहली बार एडवरटाईज़मेंट करने वाले एडवरटाईज़र्स को विशेष प्रोत्साहन दे रहा है। जो लोग सेल्फ-सर्व प्लेटफॉर्म द्वारा अपना पहला कैम्पेन शुरू कर रहे हैं, उन्हें 49 रुपये सीपीएम की एक्सक्लुसिव दर मिलेगी, ताकि उनके द्वारा डिजिटल एडवरटाईज़िंग की शुरुआत ज्यादा किफायती और लाभप्रद बने।

इसके अलावा एडवरटाईज़र्स 29 मई, 2024 से पहले भारत और/या प्लेऑफ मैच बुक करके अर्ली बर्ड अवसर का लाभ ले सकते हैं। नॉन-इंडिया मैचों में उन्हें 50 प्रतिशत बोनस इंप्रेशन दिए जाएंगे, ताकि इस प्रतिष्ठित स्पोर्टिंग टूर्नामेंट में उनकी पहुँच ज्यादा से ज्यादा बढ़ सके।

एंटरटेनमेंट में डिज़्नी+ हॉटस्टार का सेल्फ-सर्व प्लेटफॉर्म सबसे ज्यादा देखे जाने वाले हॉटस्टार स्पेशल्स, एक्सक्लुसिव मूवी पोर्टफोलियो, डिज़्नी+ हॉटस्टार ओरिज़नल्स, डिज़्नी स्टार नेटवर्क आदि के सर्वोच्च शो के लिए 8 भाषाओं - हिंदी, इंग्लिश, तमिल, तेलुगु, मलयालम, मराठी, कन्नड़ और बंगाली में रेडी पैकेज पेश कर रहा है।

डिज़्नी+ हॉटस्टार का बेहतर सेल्फ-सर्व प्लेटफॉर्म आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप, 2024 और उसके बाद ग्राहकों के बीच अपने ब्रांड की पहुँच बढ़ाने और दर्शकों के साथ जुड़ने के इच्छुक एडवरटाइज़र्स के लिए एडवरटाइजिंग के अतुलनीय अवसर लेकर आया है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929